


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

## जयललिता की मौत संदिग्ध

चेन्नई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु की दिवंगत सीएम जे जयललिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की जांच के लिए गठित जस्टिस अरुमुघस्वामी आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट को लेकर अभी कोई खुलासा नहीं किया गया है।

राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से चर्चा में जस्टिस अरुमुघस्वामी ने कहा कि लगभग 150 गवाहों को सुनने के बाद अंग्रेजी में 500 पृष्ठों और तमिल में करीब 600 पृष्ठों की रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्रकाशित करने का फैसला तमिलनाडु सरकार ही कर सकती है। इसमें सभी संबंधित पहलुओं का उल्लेख किया गया है। उनके लिए यह जांच संतोषजनक रही।

वर्ष-27 अंक : 165 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.1 2079 रविवार, 28 अगस्त 2022 प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14+32 मूल्य : 8 रुपये

# खादी का धागा आजादी की ताकत बना था : मोदी



अहमदाबाद, 27 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने साबरमती नदी पर फुट ओवर ब्रिज 'अटल पुल' का उद्घाटन किया। आज (रविवार) पीएम मोदी कच्छ के अंजार कस्बे में वीर बालक स्मारक का भी अनावरण करेंगे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि साबरमती के ये किनारा आज धन्य हो गया है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7,500 बहनों-बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर नया इतिहास रच दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी कुछ पल चरखे पर सूत कातने का मिला। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यहां मौजूद सभी लोग, इस आयोजन को देख रहे सभी लोग आज यहां 'खादी उत्सव' की ऊर्जा को महसूस कर रहे होंगे। आजादी के अमृत महोत्सव में देश ने आज 'खादी उत्सव' करके अपने स्वतंत्रता सेनानियों को बहुत सुंदर उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि आज ही गुजरात राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की नई बिल्डिंग और साबरमती नदी पर भव्य अटल ब्रिज का भी लोकार्पण हुआ है। मैं गुजरात के लोगों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि अटल ब्रिज (साबरमती नदी को) दो किनारों को ही आपस में नहीं जोड़ रहा, बल्कि ये डिजाइन और इनोवेशन में भी अभूतपूर्व है। इसकी डिजाइन में गुजरात के मशहूर पतंग महोत्सव का भी ध्यान रखा गया है। इतिहास साक्षी है कि खादी का एक धागा, आजादी के आंदोलन की ताकत बन गया, उसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया। खादी का वही धागा, विकसित भारत के प्रण को पूरा करने का, आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का प्रेरणा-स्रोत बन सकता है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले गुजरात सहित पूरे देश ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर बहुत उत्साह के साथ अमृत महोत्सव मनाया है। गुजरात में भी जिस प्रकार गांव-गांव, गली-गली हर घर तिरंगे को लेकर उत्साह, उमंग और चारो तरफ मन भी तिरंगा, तन भी तिरंगा, जज्बा भी तिरंगा उसकी तस्वीरें हम सभी ने देखी हैं। उन्होंने कहा कि आज का ये 'खादी उत्सव' इन पंच प्रण का एक सुदंर प्रतिबिंब भी है।

# यूयू ललित बने 49वें सीजेआई


जस्टिस यूयू ललित

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमण शुक्रवार को रिटायर हो गए। उनकी जगह जस्टिस यूयू ललित ने 49वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ले ली है। जस्टिस ललित इसी साल 8 नवंबर को रिटायर होंगे।

यानी सीजेआई के तौर पर उनका कार्यकाल सिर्फ 74 दिन का होगा। इस दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट में लंबित 492 संवैधानिक मामलों को निपटाने की चुनौती होगी। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, 26 अगस्त तक कोर्ट में 71,411 अन्य मामले लंबित हैं। इनमें आर्टिकल 370, नोटबंदी, सीएए, इलेक्टोरल बॉन्ड, यूएपीए और सबरीमाला जैसे केस शामिल हैं। क्रिमिनल लॉ विशेषज्ञ जस्टिस ललित 13 अगस्त 2014 को बार से सुप्रीम कोर्ट के जज बने। बार से सीजेआई बनने वाले वे दूसरे जज हैं। जस्टिस ललित ने शुक्रवार को 3 अहम सुधारों का वादा किया है। इनमें मुकदमे की समय से लिस्टिंग, अर्जेंट मामलों की मेंशनिंग के लिए नया सिस्टम बनाने और ज्यादा संवैधानिक पीठ बनाने की बात कही है।




## झारखंड में सियासी संकट : 6 घंटे बाद सीएम हेमंत सोरेन विधायकों को लेकर रांची लौटे

रांची, 27 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में सुबह से लेकर शाम तक सियासी उठापटक चलती रही। सीएम हेमंत सोरेन विधायकों 6 घंटे बाद खूंटी के डूमरगढ़ी गेस्ट हाउस से रांची लौट आए हैं। सभी विधायक अभी सीएम हाउस में ही हैं। पहली बस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद सवार थे। रास्ते में वे ग्रामीणों से रुक रुककर मिले।

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक तटस्थ हैं। कांग्रेस के बारे में अफवाह न फैलाएं। जहां भी गैर-भाजपा की सरकार है वहां सरकार को अस्थिर करने कि कोशिश की जा रही है। राज्य में किसानों की बड़ी समस्या है। सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम भी कर रही थी लेकिन पूरे सरकार को अस्त-व्यस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे अपने विधायकों के साथ चर्चा करने यहां आए हैं। उनके विधायक कहां जाने वाले हैं फिलहाल वे उन्हीं से पूछ कर बताएंगे। जेएमएम के विधायकों की बैठक भी सीएम हाउस में होनी है। बता दें सीएम सोरेन विधायकों को सीएम हाउस से 3 लग्जरी बसों से खूंटी जिले के लतरातू डैम लेकर गए थे। यहां पर ढाई घंटे तक डूमरगढ़ी गेस्ट हाउस में विधायक रुके रहे। यहां रिफ्रेशमेंट के बाद मुख्यमंत्री कुछ विधायकों के साथ डैम में बोटिंग करने भी गए थे।

## मनीष तिवारी के भी बगावती तेवर

### बोले : मैं कांग्रेस में किराएदार नहीं, हिस्सेदार हूं, धक्के मारकर निकालोगे तो देखा जाएगा



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से इस्तीफे के एक दिन बाद अब पंजाब के आनंदपुर साहिब से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बगावती तेवर दिखाए हैं। शनिवार को उन्होंने कहा, हमें किसी से कोई सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। मैंने 42 साल इस पार्टी को दिए हैं। जिन लोगों ने पत्र लिखे हैं, उन्होंने मुझसे ज्यादा समय पार्टी को दिया है। इस संस्था में हम किराएदार नहीं है, हिस्सेदार हैं। आप धक्के मारकर निकालने की कोशिश करोगे तो देखा जाएगा। मनीष ने यह बात गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे को लेकर कही। मनीष तिवारी ने कहा, मैं गुलाम नबी आजाद पर कमेंट नहीं करना चाहता। उनके पत्र के गुण-दोष में नहीं जाना चाहता। वह समझाने की सबसे अच्छी स्थिति में होंगे। पार्टी के बारे में "ज्ञान" हास्यास्पद है। हममें से 23 लोगों ने 2 साल पहले सोनिया गांधी को लिखा था कि पार्टी की स्थिति चिंताजनक है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उस पत्र के बाद कांग्रेस सभी विधानसभा चुनाव हार गई। अगर कांग्रेस और भारत एक जैसे सोचते हैं, तो लगता है कि दोनों में से किसी एक ने अलग-अलग सोचना शुरू कर दिया है।



## चुनावी डेटा पर एडीआर का खुलासा

# नेशनल पार्टियों ने 17 साल में अज्ञात स्रोतों से जुटाए 15 हजार करोड़ रुपए

### कमाई में कांग्रेस टॉप पर

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल पार्टियों ने साल 2004-05 और 2020-21 के बीच अज्ञात स्रोतों से 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक जुटाए हैं। यह खुलासा (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) की रिपोर्ट में हुआ है। इसमें कांग्रेस 178 करोड़ रुपए की इनकम के साथ टॉप पर, जबकि 100.50 करोड़ की इनकम के साथ बीजेपी दूसरे नंबर पर है। एडीआर ने 8 नेशनल और 27 रीजनल पार्टियों के इनकम टैक्स रिटर्न और चुनाव आयोग को दाखिल दान से जुड़े डिटेल्स का एनालिसिस किया है। आठ नेशनल पार्टियों को अज्ञात स्रोतों से 426.742 करोड़ रुपए और 27 रीजनल पार्टियों को अज्ञात स्रोतों से 263.928 करोड़ रुपए की इनकम हुई है।

**कैसे तय होती है अज्ञात सोर्स की इनकम**

'अज्ञात सोर्स' पार्टी की इनकम का वह जरिया होता है, जिन्हें इनकम टैक्स रिटर्न में दिखाया तो जाता है, लेकिन 20 हजार रुपए से कम दान देने वाले का खुलासा नहीं होता है। इसमें कूपन सेल, पर्स मनी, रिलीफ फंड, अपनी इच्छा से दान, मोर्चा और मीटिंग्स में आने वाला चंदा शामिल होता है। इस तरह पार्टी को चंदा देने वालों (सोर्स) की जानकारी मौजूद नहीं होती है।




**साल 2020-21 में चुनावी बॉन्ड से सबसे अधिक इनकम**

अज्ञात स्रोतों से सबसे ज्यादा धनराशि हासिल करने वाले 5 टॉप रीजनल पार्टियों में वाईएसआर-कांग्रेस (96.2507 करोड़), डीएमके (80.02 करोड़), बीजेडी (67 करोड़), मनसे 5.77 करोड़ रुपए और आप (5.4 करोड़) शामिल हैं। 2020-21 में नेशनल और रीजनल पार्टियों को अज्ञात स्रोतों से हासिल कुल 690.67 करोड़ रुपए में से 47.06% राशि चुनावी बांड से मिली थी। एडीआर ने कहा कि 2004-05 और 2020-21 के बीच कूपन की बिक्री से कांग्रेस और एनसीपी की जॉइंट इनकम 4,261.83 करोड़ रुपए है।

**ये हैं प्रमुख नेशनल और क्षेत्रीय पार्टियां**

नेशनल पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (एमसीपी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (बीकेपी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) शामिल थीं।

## अगले पांच-सात सालों में विमानों का बेड़ा होगा दोगुना : सिंधिया

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अगले पांच से सात सालों में देश में जहाज से यात्रा करने वालों की संख्या भारतीय रेलवे के एसी कोच से यात्रा करने वाले यात्रियों से ज्यादा हो जाएगी। इसी अवधि में देश में विमानों का बेड़ा 1200 से 1500 तक बढ़ाया जाएगा, जो अभी 700 है।

सिंधिया ने अगले 25 साल के रोडमैप पर चर्चा करते हुए कहा, एविएशन सेक्टर हमारे देश के डीएनए का पार्ट है। बीते 8 सालों में इस क्षेत्र के विकास के लिए कई अहम काम किए गए हैं। 1.3 अरब लोगों वाले देश में रेलवे का सिर्फ फर्स्ट एसी और सेकेंड एसी पार्ट ही हमारा निकटतम प्रतिद्वंदी है। अगले एक दशक में एविएशन सेक्टर में 97,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। कहा-अगले एक दशक में हवाई यात्रा करने वालों का आंकड़ा 40 करोड़ पर पहुंच जाएगा।

**छोटे शहरों को जोड़ने का लक्ष्य**

सिंधिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य लास्ट माइल कनेक्टिविटी है। टियर-2 और टियर-3 शहरों को हवाई यातायात से जोड़ने पर फोकस रहेगा। इस लक्ष्य को पाने में सब-20 सीटर एयरक्राफ्ट अहम भूमिका निभाएंगे।

सिंधिया ने बताया कि विभिन्न राज्यों में हेलीपैड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। देश में हेलिकॉप्टर्स की संख्या बढ़ाने की योजना है, जो पहाड़ी राज्यों में भी सुचारु सेवाएं देने में सक्षम होंगे। एक सवाल पर सिंधिया ने कहा , मेरे हाथ एयर इंडिया के साथ या उसके बिना भी काफी भरे हुए हैं। कहा-प्रबंधन के तहत, एअर इंडिया नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह में | सिंह... | 05-18 बजे |
| चंद्र- | सिंह में | कन्या | 07-26 बजे |
| मंगल | वृष में | तुला - | 09-31 बजे |
| बुध- | कन्या में | वृश्चिक | 11-41 बजे |
| गुरु- | मीन में | धनु--- | 13-55 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | मकर- | 16-01 बजे |
| शनि- | मकर में | कुंभ - | 17-52 बजे |
| राहु- | मेष में | मीन... | 19-30 बजे |
| केतु- | तुला में | मेष-- | 21-06 बजे |
| | | वृष-- | 22-51 बजे |
| | | मिथुन.. | 00-51 बजे |
| | | कर्क... | 03-03 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतुशरद,दिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा - 14-45 तक उपरान्त, द्वितीया
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,रविवार, 28 August
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी - 21 -56 - तक उपरान्त, उत्तराफाल्गुनी
योग - सिद्ध- 01- 43 - तक उप- साध्य
करण- बव - 14 -45 - तक,उप- बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - सर्वार्थ सिद्ध योग-21-55 से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल** 16:58 से 18:32 तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:05 - 07:36 | अशुभ | शुभ | 18:32 - 19:58 | शुभ |
| चंचल | 07:36 - 09:10 | शुभ | अमृत | 19:58 - 21:25 | शुभ |
| लाभ | 09:10 - 10:44 | शुभ | चंचल | 21:25 - 22:51 | शुभ |
| अमृत | 10:44 - 12:17 | शुभ | रोग | 22:51 - 00:17 | अशुभ |
| काल. | 12:17 - 13:51 | अशुभ | काल | 00:17 - 01:44 | अशुभ |
| शुभ. | 13:51 - 15:25 | शुभ | लाभ | 01:44 - 03:10 | शुभ |
| रोग | 15:25 - 16:58 | अशुभ | उत्पात | 03:10 - 04:36 | अशुभ |
| उत्पात | 16:58 - 18:28 | अशुभ | शुभ | 04:36 - 06:05 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आज आप पूरा दिन थोड़े से भावुक रहेंगे ।आप जो भी करेंगे पूरे मन से करेंगे और इसीलिए आपको सफलता जरुर मिलेगी।आप पिछले कुछ समय से किसी महत्वपूर्ण मुद्दे को टाल रहें हैं लेकिन आज इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर रखकर सुलझाने के लिए बहुत अच्छा दिन है ।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यह समय मजे और स्वतन्त्रता दोनों में से किसी एक को चुनने का है । अगर आप जिम्मेदार हैं तो आपको स्वतंत्रता भी मिल ही जायेगी। हालाँकि अत्यधिक परिश्रम के बाद भी आप अपनी मंजिल पर तो नही पहुंच पायेंगे लेकिन बाद में आपको इसका फल जरुर मिलेगा इसलिए परिश्रम करते रहें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आप आज होने वाली घटनाओं के कारण और कई तरह की उलटी -सीधी सूचनाओं के कारण खुद को उलझन में फंसा हुआ अनुभव करेंगे । इस समय आपका सही मार्गदर्शन आपके मन की आवाज ही कर सकती है । जैसा आपका मन कहता है ,वैसा ही करें । इससे आपको काफी कुछ सीखने को भी मिलेगा।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा या तो आपके पास मेहमान आयेंगे या आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं । इसी समय आप अपने घर का नवीकरण ,नया घर खरीदने या दूसरी जगह शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । हालाँकि आप पूरा दिन बहुत व्यस्त रहेंगे,फिर भी आप दिन का हरेक पल आनंद लेंगे ।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे ।आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं ।परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा ।शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी ।दिन बाधारहित गुजरेगा ।यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है । दूसरे विकल्प खुले रखें ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अप्रत्याशित अनुभव हो सकता है ।ऐसा नही है कि आप इससे परेशान ही होंगे लेकिन इससे आपके मन में हलचल जरूर मच जायेगी ।इससे आपके दृष्टिकोण में ख़ासा बदलाव भी आ सकता है ।अपनी भावनाओं को व्यक्त करने न घबराएं लेकिन यह समय अपने स्थान पर दूसरों की भावनात्मक मांगों को प्राथमिकता देने के लिए अधिक उपयुक्त है ।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा और बहुत से लोग आपको आपकी दयनीय स्थिति से निकालने के लिए हाथ बढ़ाएंगे ।लेकिन आप इस स्थिति में किसी और की गलती की वजह से फंसें हैं,अबकी बार ऐसे लोगों से सावधान रहें । आज आपको अपनी जीत का जश्न मनाना चाहिए ।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आज का दिन सभी भावनात्मक और वास्तविक मुद्दों के मामले उतार चढाव भरा रहेगा ।गृहों की चाल यह बता रही है कि आप सुबह भावनात्मक बने रह सकते हैं और सब चीजों के बारे में अपनी भावनात्मक प्रतिक्रिया के नजरिये से ही सोचेंगे ।इससे कुछ गलत फैसलों की भी सम्भावना है लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आपके पास पिछले कामों की भरमार रहेगी,आप पिछले कुछ समय से अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाह रहें हैं,आज का दिन आपके उन सब कामों के लिए बहुत अच्छा है ।आपको अपने कामो को पूरा करने के लिए इच्छाशक्ति,अनुशासन और एकाग्रता से काम लेना होगा ।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज आप एडजस्ट करने के मूड में रहेंगे ।आपकी लोगों से मिलकर और बातचीत के जरिये किसी समझौते पर पहुचने की कोशिश से आप सबको बहुत अच्छे लगेंगे ।आप तुरंत किसी भी समस्या का समाधान निकाल लेंगे ।आप इस बात का भी ध्यान रखते हैं कि किस तरह आपके आसपास और खुद को भी खूबसूरत बनाकर रखा जाए

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा ।किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा । आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं ।दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज आप विशेषकर हलके फुल्के मूड में रहेंगे । सब समस्याओं का सामना चेहरे पर मुस्कराहट के साथ करेंगे ।आज किसी विवाद में मैत्रीपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा कर सकते हैं।आपकी मौजूदगी से ख़ुशी और रोनक रहेगी और शाम को पार्टी की जान बने रहेंगे ।दिन की शुरुआत साधारण होगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# पीएम के दौरे से पहले कच्छ में तनाव

### धर्मस्थलों व दुकानों में तोड़फोड़ फोर्स तैनात

भुज, 27 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले गुजरात के कच्छ जिले के भुज में सांप्रदायिक तनाव की घटना सामने आई है। भुज के माधापुर गांव में दो समुदायों के लोगों की बीच बवाल हो गया। इस दौरान एक संप्रदाय के लोगों ने दूसरे संप्रदाय के धर्मस्थल व दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की। तनाव बढ़ता देख वहां सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

माधोपुर गांव, जहां सांप्रदायिक तनाव फैला वह 'स्मृति वन' से मात्र चार किलोमीटर दूर है। स्मृति वन भुज व गुजरात के भूकंप में मारे गए लोगों की याद में बनाया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को इसका लोकार्पण करेंगे। भुज पुलिस के अनुसार एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के एक धर्मस्थल व दुकानों को निशाना बनाया। सूत्रों के अनुसार भुज के बाहरी हिस्से में स्थित माधापुर गांव में रैबारी समुदाय के एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान परेश रैबारी के रूप में हुई।

रैबारी युवक की हत्या से समुदाय के लोग भड़क गए। सुलेमान सना नामक युवक ने शुक्रवार सुबह चाकू से गोद दिया था। परेश की अंत्येष्टि के बाद लौट रहे लोगों ने अचानक उपद्रव शुरू कर दिया। इसी दौरान तोड़फोड़ की गई। हालांकि, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रित की। कच्छ पश्चिम के एसपी सौरभ सिंह ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। इस बीच, पुलिस ने हत्या के आरोपी सुलेमान सना को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट की अनोखी सजा

# गलती से बुलेट लेकर एयरपोर्ट पहुंचा टीचर

### कोर्ट ने कहा-एक महीने तक बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास दीजिए

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में एक सरकारी स्कूल का टीचर गलती से अपने साथ लाइव कार्ट्रिज लेकर इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गया। एयरपोर्ट प्रबंधन ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट 1959 के सेक्शन 25 के तहत इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पुलिस स्टेशन पर एफआईआर दर्ज कराई गई। मामले की सुनवाई के दौरान जज ने टीचर का पक्ष जानने के बाद एफआईआर को खारिज कर दिया, और उसे बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास देने की सजा सुनाई।

**13 साल पहले चमोली में मिला था कार्ट्रिज**

दरअसल टीचर ने एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान उसने कोर्ट को बताया था कि एयरपोर्ट पर उसके पास से जो कार्ट्रिज बरामद हुआ वह उसे 2008-09 में चमोली उत्तराखंड में सड़क पर पड़ा



हुआ मिला था, जब वह स्कूल में पढ़ाई ही कर रहा था। तब से यह कार्ट्रिज उसके पास है और वह गलती से उसे एयरपोर्ट लेकर चला गया था।

**एक महीने तक एक्स्ट्रा क्लास लेने की सजा सुनाई**

टीचर का पक्ष जानने के बाद जस्टिस जसमीत सिंह ने टीचर को आदेश दिया कि वह अपने स्कूल में एक महीने तक कमजोर बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास में पढ़ाएंगे। जस्टिस ने डायरेक्टोरेट ऑफ एजुकेशन को इस इलाके के प्राइमरी क्लास के कमजोर बच्चों की लिस्ट बनाने का निर्देश दिया है।

वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल को भी कहा गया है कि वे स्कूल में एक कमरे की व्यवस्था कराएं जहां पर रोजाना दो घंटे की एक्स्ट्रा क्लास लगाई जाएगी। इसमें सभी कोविड प्रोटोकॉल्स का पालन किया जाना जरूरी होगा। जज ने कहा कि एजुकेशन ऑफिसर और प्रिंसिपल को इस बात को सुनिश्चित करना होगा कि आदेश का पालन हो रहा है।

**कोर्ट की सलाह-समाज की भलाई के लिए काम करे**

कोर्ट ने कहा कि मौजूदा केस रद्द किए जाने के लायक है, क्योंकि सिर्फ ध्यान ने देने की वजह से टीचर के बैग में लाइव कार्ट्रिज रह गया था, वे उसे जानबूझकर अपने साथ नहीं ले गए थे। हालांकि इस मामले में पुलिस का अहम वक्त बर्बाद हुआ इसलिए याचिकाकर्ता को समाज की भलाई के लिए कुछ काम करना चाहिए।

# चुनाव में साथ उतरेंगे फारूक अब्दुल्ला और आजाद!

### भाजपा के लिए यह दांव भी सियासी फायदे वाला

जम्मू, 27 अगस्त (एजेंसियां)। आने वाले दिनों में कश्मीर की राजनीति में बड़ी उठापटक होने वाली है। गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद जैसे-जैसे वक्त बीतता जा रहा है कश्मीर से लेकर दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में तमाम तरह की हलचलें बढ़ती जा रही हैं।

चर्चाओं का बाजार तो इस तरह भी गर्म है कि दो दिन पहले गुपकार ग्रुप से अलग होने की घोषणा करने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला गुलाम नबी आजाद की बनने वाली नई राजनीतिक पार्टी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह तभी संभव होगा जब यह तय हो जाए कि गुलाम नबी आज़ाद ₹भाजपा की पिच₹ पर नहीं खेलेंगे। जो फिलहाल अभी राजनीतिक पर्दे पर कहीं भी दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रहा है। वही सियासी सरगर्मियां



इस बात की भी हैं कि जितना गुलाम नबी आजाद कश्मीर में मजबूती से चुनाव लड़ेंगे, उतना ही कश्मीर के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध मारी होगी और स्थानीय राजनीतिक दल कमजोर होंगे। जिसका सीधे तौर पर जम्मू इलाके में भाजपा को बड़ा फायदा हो सकता है। कश्मीर में गुलाम नबी आजाद अपनी राजनैतिक पार्टी बनाकर अगले विधानसभा के चुनावों में मैदान में उतरेंगे। चर्चा अभी यही है कि भाजपा के लिए गुलाम नबी आजाद घाटी में बेहतर माहौल बनाकर जम्मू-कश्मीर में तय फॉर्मूले के लिहाज से ही चुनाव लड़ेंगे। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में कश्मीर के राजनीतिक विश्लेषकों की अपनी एक अलग राय है। कश्मीर के एक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि बीते कुछ दिनों में कश्मीर के राजनीतिक संगठनों में भी एक तरह की उठापटक देखी जा रही है।

खासतौर से गुपकार ग्रुप को लेकर जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है उसे गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने वाले बड़े घटनाक्रम से हटकर अलग नहीं देखा जा सकता। वह बताते हैं कि जिला परिषद के चुनावों में जिस तरीके से गुपकार संगठन ने मिलकर चुनाव लड़ा और जो परिणाम आए उसके बाद तमाम तरीके की आपसी तनातनी रही। इसी बीच नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला ने दो दिन पहले ही गुपकार ग्रुप से अलग हो कर आने वाले विधानसभा चुनावों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया।

# सरकारें गिराने का खर्च 6300 करोड़- केजरीवाल का तंज

### दही, छाछ...पर जीएसटी से केंद्र सालाना कमाएगा 7500 करोड़

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार की नई शराब नीति को लेकर बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच जंग छिड़ी हुई है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई की छापेमारी हुई, उसके बाद सिसोदिया ने कहा कि उनके पास बीजेपी ने संदेश भेजा कि अगर वह आप तोड़कर बीजेपी जॉइन कर लेंगे, तो उनके ऊपर से मुक़दमे हटा लिए जाएंगे। वहीं इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी उनकी सरकार को करोड़ों खर्च कर गिराना चाहती है।

शनिवार सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि बीजेपी सरकारें गिराने पर 6300 करोड़ खर्च कर चुकी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, "दही, छाछ, शहद, गेहूँ, चावल



आदि पर अभी जो जीएसटी लगाई गई, उससे केंद्र सरकार को 7500 करोड़ सालाना मुनाफा आएगा। सरकारें गिराने पर अभी तक इन्होंने 6300 करोड़ रुपए खर्च किया। अगर ये सरकारें ना गिराते तो गेहूँ, चावल, छाछ आदि पर जीएसटी ना लगाना पड़ता। लोगों को महंगाई का सामना ना करना पड़ता।" शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि गुजरात चुनाव तक झूठे केस का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा था, "जो राष्ट्र विरोधी ताक़तें नहीं चाहती भारत का विकास हो वो दिल्ली सरकार गिराना चाहती हैं। गुजरात चुनाव तक झूठे केस का सिलसिला जारी रहेगा। इन्होंने 5500 करोड़ में 277 एमएलए ख़रीदे। ये पैसा जनता की जेब से गया। जनता का ख़ून चूस दोस्तों के लोन माफ़ और एमएलए ख़रीदे जा रहे हैं।"

बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार गिराने के लिए बीजेपी ने 800 करोड़ रुपए रखे हैं। प्रति एमएलए 20 करोड़ और ये 40 एमएलए तोड़ना चाहते हैं। केजरीवाल ने पूछा था कि देश जानना चाहता है कि ये 800 करोड़ रुपए किसके हैं, कहाँ रखे हैं? साथ ही केजरीवाल ने दावा किया कि हमारा कोई विधायक नहीं टूट रहा और सरकार स्थिर है।

# कांग्रेस नेता अय्यर बोले-जिला परिषद प्रमुखों को मिले अधिकार

### जिससे लोगों के लिए योजनाएं बन सकें



मुंबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिला परिषद के अध्यक्ष को जिले की योजना बनाने का पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के पालघर जिले में नवनीतभाई शाह स्मारक व्याख्यान को संबोधित करते हुए अय्यर ने शुक्रवार को यह बयान दिया। पूर्व केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ने कहा कि जिला परिषद अध्यक्ष को मार्गदर्शन के साथ-साथ पर्याप्त धन और धन का उपयोग करने की स्वतंत्रता देने के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ने तीस साल पूरे कर लिए हैं और महिलाएं पालघर समेत कई स्थानीय निकायों का नेतृत्व कर रही हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि विधायकों और मंत्रियों को जिला योजना में महत्वपूर्ण भूमिका क्यों दी गई। उन्होंने कहा कि उसने राज्य स्तर पर नीतिगत फैसले लेने की उम्मीद की जाती है।

उन्होंने कहा कि जिलों के विकास कार्यों की योजना जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा बनाई जानी चाहिए और उसी के अनुसार उनका वितरण किया जाना चाहिए। अय्यर ने आगे बताया कि वर्तमान में पंचायती राज व्यवस्था के केवल 20 प्रतिशत घटकों को ही लागू किया जा रहा है और स्थानीय निकायों को मजबूत करने के लिए सभी स्तरों पर सभी प्रयास किए जाने चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 को देश में प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है।

# दिल्ली पुलिस ने कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी

नयी दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस ने स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी को मध्य दिल्ली में कार्यक्रम करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बरकरार रखने के लिए कार्यक्रम को अनुमति देने से इनकार किया गया है। इससे पहले विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने शहर के पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर कार्यक्रम को रद्द करने का अनुरोध किया था। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्य जिले की पुलिस ने लाइसेंसिंग इकाई को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उक्त कार्यक्रम से क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है।

मध्य दिल्ली के एसपीएम सिविक सेंटर के सी-ब्लॉक स्थित केदारनाथ साहनी प्रेक्षागृह में 28



अगस्त रविवार को फारूकी का कार्यक्रम आयोजित होने वाला था। पुलिस के अनुसार, मध्य जिले की पुलिस ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट लाइसेंसिंग इकाई को सौंपी जिसके बाद कार्यक्रम के लिए उसी दिन अनुमति देने से इनकार कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि अनुमति देते समय फॉर्म में पहले से लिखा होता है कि अमुक कार्यक्रम से क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द खराब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर लाइसेंसिंग इकाई को कोई जानकारी मिलती है कि इससे सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है तो कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति रद्द कर दी जाती है। विश्व हिंदू परिषद की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर आग्रह किया कि फारूकी के कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी जाए। गुप्ता ने पुलिस से कहा कि कार्यक्रम रद्द कर दिया जाए अन्यथा विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता इसके विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। फारूकी का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिलने के बाद तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा ने ट्वीट किया, ''विहिप ने रीढ़विहीन दिल्ली पुलिस पर धौंस जमाने में कामयाबी पाई। मुनव्वर फारूकी का कार्यक्रम रद्द हुआ। गांधीजी ने कहा था, 'मैं नहीं चाहता कि मेरे घर को चारों तरफ से दीवारों से घेर दिया जाए और खिड़कियां बंद कर दी जाएं।'

# हिंदी ग़ज़ल के शिखर : दुष्यंत कुमार


अतुल कुमार



सातवें दशक के शुरु में ग़ज़लों को सुनने का चलन बढने लगा और इसे गा उस समय के कई ग़ज़ल गायक उभरने लगे। इनमें प्रमुख हैं पंकज उधास ,तलत अज़ीज़ और भूपेंद्र सिंह इत्यादि ।तब ग़ज़लों को हिंदी में लिखने की नयी प्रवृत्ती ने भी ज़ोर पकडा ।सूर्यभानु गुप्त, बाल स्वरूप राही और दुष्यंत कुमार आदि ग़ज़ल कार उभरे । इसे हिमालयी उंचाइयों पर ले जाने का कार्य ग़ज़ल शिरोमणि दुष्यंत कुमार ने किया । इस विधा में उनका उदय एक धूमकेतु की तरह हुआ और ऐसे छाये कि हर कोई उनकी लिखी ग़ज़लों को पढने और सुनने को लालायित हुआ ।साहित्य जगत में उनकी जितनी ज़बर्दस्त एंट्री हुई उसे पाठक और साहित्य रसिक भूले नहीं हैं । उस समय वह युवा वर्ग के रातों रात चहीते ग़ज़लकार बने।उनकी प्रसिद्धी को इसी से समझा जा सकता है कि नौजवान पीढी उनकी ग़ज़लों को रट सुनाने लगी । वाद विवाद , भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं में उनको सबसे अधिक कोट किया जाने लगा । यह अभी भी है। वास्तव में उनकी ग़ज़लों ने जो अपार लोकप्रियता पायी उसने सब को हैरान किया । निर्विवाद रूप से उनकी ग़ज़लें इतनी सशक्त हैं जिसने पाठकों की नब्ज़ पर हाथ रखा । उसमें मोटिवेशन , पीडा ,हालात पर साफ गोई और जन सामान्य के मन की भावनाओं को अभिव्यक्ति मिली । कोई भला कैसे भूल सकता है उनकी इन पंक्तियों को जो अब भी कही या सुनाई जाती हैं तो तालियों स्वतः बज उठती हैं ।"कैसे आकाश में सुराख नहीं हो सकता /एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो " // इन पंक्तियों का उपयोग न सिर्फ भारतीय भाषाओं बल्कि अंग्रेज़ी के कार्यक्रमों में भी होता है । विशेषकर प्रोत्साहनजनक कार्यशालाओ और कार्यक्रमों में

दरअसल दुष्यंत कुमार की ग़ज़लों नें समय की रेत पर जिन पद चिन्हों को छोडा उसमें भावों की ऊष्मा ,ऊर्जा और उत्पत्ति है जिसे पढ बेचैन मन को सुकून और संबल मिलता है । सातवें दशक में क्रोधाभिव्यक्ति को ले सिनेमा के सतरंगे पर्दे पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का उदय हुआ कुछ वैसा ही जनाभिव्यक्ति को ले साहित्य में दुष्यंत कुमार ने धमाकेदार प्रवेश किया । उनकी ग़ज़लों को नयी पहचान ,परिवेश और पायदान मिले । किसे पढें और किसे छोडें की कश्मकश उनकी रचनाओं के साथ हमेशा जुडी रही ।क्योंकि उसमें आम आदमी के संघर्ष को इतनी शिद्दत से जोडा कि वह जन स्वर बना । उनका लेखन सहज और स्वाभाविक था ,न दिखावा ।न कोई बनावट और न कोई स्वांतः सुखाय भाव । जो भी है जन के दिल की बातें और छटपटाहट । बेलौस और बिंदास । सभी का मन मोहा ग़ज़ल की पंक्तियों का ऐसा प्रभाव की सीधे दिल में उतरीं और बस गयीं ।

ऐसा बहुत दुर्लभ हुआ और होता है , जब किसी कवि को पाठकों द्वारा एक बार पढने भर से उसे सदा के लिये अपना बना ले । महान कवि दुष्यंत कुमार की जादुई कलम ने जिस बयार की झडी लगायी वह चिरंतन बनी । सातवें दशक के मध्य में हैदराबाद की वह शाम भुलाये नहीं भूलती जब शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में स्व मुनींद्र जी ( संपादक :कल्पना ) के आवास की छत पर उनके सम्मान में काव्य गोष्ठी हुई । इसमें भाग लेने के लिये झक सफेद पतलून और शर्ट पहने गोरे चिट्टे सुडौल व्यक्ति का आगमन हुआ तो उन्हें देख सभी उपस्थित स्थानीय गणमान्य कवि और लेखक उनकी पर्सानालिटी से प्रभावित हुए । साहित्य के क्षेत्र में तब तक उनकी इतनी ख्याति हो चुकी थी कि उन्हें सुनने के लिये उर्दू ,तेलुगु ,तमिल ,कन्नड और मलयालम के कवि भी मौजूद थे । यद्यपि वह स्वयं अपनी भाषाओं के प्रसिद्ध लेखक तथा कवि थे लेकिन दुष्यंत कुमार ने उन्हें प्रभावित किया ।इनमें से कइयों के नाम और लेखन से वह भी परिचित थे । सबसे बडी आत्मीयता से मिले उनसे पहले सुना फिर अपनी रचनाएं सुनायीं । अहिंदी भाषी रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का हिंदी तर्जुमा सुनाया सुन बहुत खुश हुए । पूर्णिमा के पूरे खिले चांद की चांदनी रात में एक से एक अनुपम कविताएं पढी गयीं मीठी खीर पीते हुए सभी ने




जिस अद्भुत काव्य माधुर्य को बिखेरा वह अविस्मरणीय है

वह सेल्फी पिक्स और वीडीयो का दौर नहीं था । न ही फेस बुक का । हां ! दिल बुक का दौर अवश्य था । अपनेपन और भावों से सीधे मनों में बसने का दौर । कब देर रात हुई पता नहीं चला कोई उठने को राज़ी नहीं । फिर भी सब पुनः मिलने के वायदे से विदा हुए । दुष्यंत कुमार का दमकता चेहरा अब भी याद है । कई नामचीन कवियों और ग़ज़लकारों के होते हुए भी जो हिंदी ग़ज़ल सामान्य जन मानस में अपनी पहचान नहीं बना पायी उसे दुष्यंत कुमार के तेवरों ने अलग मुकाम दिया । सातवें दशक में जिन क्रांतिकारी खयालों से युक्त ग़ज़लों को लिखा उससे नयी कविता के छंद की धरा पर भूचाल सा आ गया । पाठक उन्हें पढने व्याकुल हुए ।उदाहरण पढिये " सिर्फ हंगामा खडा करना मेरा मकसद नहीं / मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिये // आज के मशीनी युग में जहां एक ओर आदमी का जीवन सुविधा पूर्ण हुआ है वहीं वह तन्हा हो बेचैन ,बेसब्र और बदहवास भी हुआ है । सामाजिक रूप से आदमी की हैसियत को उसकी पर्स, पोसीशन और प्रापर्टी से तौलने का चलन बडा हो तब दुष्यंत कुमार की ग़ज़लों में बसी आदमियत की बातें मौजूं दिखायी देती हैं ।

दुष्यंत कुमार का साहित्यिक जीवन इलाहाबाद से शुरु हुआ ।वहां की साहित्यिक संस्था परिमल की गोष्ठियों में वह सक्रुय रूप से भाग लेते ।जीवन यापन के लिये आकाशवाणी और मध्य प्रदेश के भाषा विभाग में काम किया ।उनका लिखा गीति नाट्य " एक कंठ विषपायी " साहित्य की सबसे प्रशंसित कृतियों में एक है । हिंदी और उर्दू के शब्दों का प्रयोग उनकी ग़ज़लों में इतनी सुंदरता से हुआ है कि पाठक उन्हें याद कर उसे दुहराने के लिये उत्सुक होते हैं वास्तव में ग़ज़ल को रुमानियत की तबियत से निकाल आम आदमी से जोडा ।उनकी प्रमुख रचनाओं में " सूर्य का स्वागत " " आवाज़ों के घेरे में " " छोटे छोटे सवाल " "साये में धूप " " जलते हुए वन का वसंत " " आंगन में एक वृक्ष " और " दुहरी ज़िंदगी " इत्यादि प्रमुख हैं । इनमे " साये में धूप " को बहुत सफलता मिली आरंभ में मंचीय कविताएं लिखीं ।शुरुआत कविता से की और बाद में कहानियां लिखीं सन 1954 -55 में हैदराबाद से प्रकाशित प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका " कल्पना " में उनका आलेख "नयी कहानी : परंपरा और प्रयोग " प्रकाशित हुआ ।

वह उन कवियों में थे जो समय काल में परिवर्तन होने के बाद भी प्रासंगिक रहते हैं ।उनका जन्म 1 सितंबर 1933 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर में हुआ ।पूरा नाम दुष्यंत कुमार त्यागी था वास्तविक जीवन में बहुत सहज सरल और विनोद प्रिय थे ।साहित्य में कमलेश्वर मार्कंडेय और दुष्यंत कुमार की अभिन्न मित्रता की चर्चा होती है तीनों ने मिल कर मासिक पत्रिका " विहान :" का प्रकाशन किया ।इसके पूर्व दुष्यंत कुमार कई पत्र पत्रिकाओं में आलेख लिखते जिनमें प्रमुख " प्रतीक " " निकष " और "संकेत " आदि हैं ।वह अभिनंदन या स्वागत के विरुद्ध थे ।कहते " लेखक को अपनी पीठ पर कोई ऐसा एहसास नहीं लादना चाहिये जो उसके लेखन और उसकी स्वतंत्रता में बाधक बने । आखिर क्यों नहीं उस क्लर्क का अभिनंदन होता जिसने अपने जीवन के तीस अमूल्य वर्ष बडी निष्ठा से उन फाइलों में झोंक दिये जिनसे कोई पारिवारिक रिश्ता नहीं था ।इसी प्रकार सुनार ,बढई ,मोची मज़दूर और सफाई कर्मचारी हरेक की अपनी महत्वपूर्ण सामाजिक भूमिका है ।आखिर उनका अभिनंदन क्यों नहीं होता ? फिर लेखक में ऐसे कौन से सुर्खाब के पर लगे हैं कि जो आम आदमी से अलग है ?

दुष्यंत कुमार के बाद हिंदी में ग़ज़ल लिखने की प्रवृत्ती आगे बढी लेकिन जो अपार लोकप्रियता उनको मिली वह अभी भी कायम है ।नवोदित साहित्यकारों को बढावा दिया " विहान " पत्रिका के माध्यम से नये लेखकों को खोज उन्हें प्रोत्साहित किया । उनके संबंध में विख्यात साहित्यकार सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ने लिखा कि " दुष्यंत बडा मायावी था बहुत कम लोग होते हैं जो इतनी खुली ज़िंदगी जीते हों स्वस्थ सुंदर दिल फेंक ज़िंदा दिल आदमी था । उसके दोस्त भी बहुत थे और दुश्मन भी इस फेहरिस्त को बढाये जाना ही उसकी ज़िंदगी थी ।दुनिया के हिसाब से नहीं चल पाता था और जितना नहीं चल पाता था उसी की ताकत से वह लिखता था । लिखा भी मैं जिसे ओढता बिछाता हूं / वो ग़ज़ल आपको सुनाता हूं "खुद दुष्यंत कुमार का आत्मावलोकन भी पढें जब वे कहते हैं " मेरे पास कविताओं के मुखौटे नहीं हैं । अंतराष्ट्रीय मुद्राएं नहीं हैं और अजनबी शब्दों का लिबास नहीं है ।मैं एक साधारण आदमी हूं और इतिहास व सामाजिक स्थितियों के संदर्भ में साधारण आदमी की पीडा ,उत्तेजना ,दबाव , अभाव और उसके संबंधों के उलझनों को जीता और व्यक्त करता हूं। " ( "जलते हुए वन का वसंत "की भूमिका से )

इलाहाबाद विश्व विद्यालय से हिंदी में एम ए किया वहीं डा धीरेंद्र वर्मा और डा राम कुमार वर्मा का सान्निध्य मिला जिससे उनके साहित्य को नये आयाम मिले । सन 1975 में उनका प्रसिद्ध ग़ज़ल संग्रह " साये में धूप " प्रकाशित हुआ जिसमे उनकी 52 ग़ज़लें हैं ।बहुत कम समय में उस यश और कीर्ती को पाया जिसे पाने में लेखको और कवियों को कई सालों तक इंतज़ार करना पडता है।

केवल 42 वर्ष की आयु में 30 सितंबर 1975 को हिंदी ग़ज़ल के इस महान कवि का असमय अवसान हुआ ।अपने पीछे मशहूर ग़ज़ल की जिस विरासत को छोडा उसे देख हम कह सकते हैं वह " हिंदी ग़ज़ल का शिखर " थे।

# काव्य कुंज

## आजादी का अमृत महोत्सव




अजय-मिश्रा

पुण्य थी सोच, पावन था सपना,
आजादी के अमृत महोत्सव का,
राष्ट्रभक्ति की भावना का,
घर घर तिरंगा फहराने का,
मिली स्वतन्त्रता, अपने झंडे को,
केवल खादी के वस्त्र से बनने से,
सुबह, सूर्यास्त के नित्य कर्तव्यों से,
केवल बड़े, सरकारी संस्थानों में फहराने से
दो हफ़्तों तक गौरवान्वित हुये
मौक़े मिले, झंडे को फहराने के,
चित्र लिये, भेजे, झंडे के साथ में,
हर तरफ, तिरंगा देख, हर्षित हुये
पिचहत्तर वर्ष बाद, मिला मौक़ा,
महलों के साथ, झोंपड़ियों को,
अमीरों के साथ, गरीबों कों,
ख़ुशियों से तिरंगा फहराने का
विधिवत, आदर से, पहले उतारा,
फिर रखा है, संभाल कर तिरंगा,
मनायेंगे पर्व, आजादी का, अगले वर्ष,
इसी जोश, इसी तिरंगे के साथ हम
दिख रहा है, आज भी, हमारा तिरंगा
दारू की दिकानों, शराब के ठेकों,
तस्करों के अड्डों, अपराधियों के घरों,
हत्यारों , बलात्कारियों की छतों पर फहरते हुये,
मिली थी, आजादी, अपने तिरंगे को,
बलिदानों की यादों से,
राष्ट्रभक्ति की भावना से,
नेक इरादों और विचारों से,
बचाना होगा, हमें, अपने तिरंगे को,
सुरछित करना होगा, इस अपहरण से,
समाज मे सही, स्वतन्त्रता के लिये
भविष्य में भी, असल आजादी के लिये

## वजह-बेवजह रूठना।

वजह-बेवजह क्यों बार-बार रूठना,
छोटी-छोटी बातों पर बंधनों का टूटना,
क्यों ना जीवन में समझदारी दिखाएं,
शिष्टाचार, प्रेम और स्वाभिमान के साथ हो हमारा उठना।
जीवन में बहुत से कार्य और कर्म है,
जिम्मेदारियों के साथ जी रहे हम हैं,
क्यों हर बात पर शिकायत जताए,
यह जिंदगी तो सिर्फ एक भ्रम है।
खफा ना रहे हर वक्त अपनों के साथ,
आक्रोश में ना करें हर वक्त बात,
हर एक से शिकवा गिला रखकर
क्यों बिगाड़े हर पल के हालात।
बार-बार नाराजगी जताना बंद करें,
स्वयं की मानसिक तनाव से थोड़ा लड़े,
हर वक्त लोग और हालात बुरे नहीं होते,
कभी-कभी हम होते हैं खुशहाली से परे।
स्वीकृति अपने जीवन में लाएं,
सभी को दिल खोलकर अपनाएं,
कभी कभी रूठना मनाना चलता है,
हर बात पर आंसू ना बहाए
और बात बात पर आवेश में ना आए।।



-डॉ. माध्वी बोरसे! रावतभाटा कोटा

## मेरे ख्वाबों को...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

दीप जले कुछ ऐसे,जग में हो जाए उजियारा
तेरे मेरे प्यार से, रौशन हो जाए जग सारा
जमाने की साज़िशों से बेपरवाह हो जाने दो
मेरे ख़्वाबों को कुछ देर
अपनी बांहों में सो जाने दो
फूल कांटों की पहचान..,दिल तुमसे न लगाते
मालूम होता बेवफा हो,जख्मों को यूँ न दिखाते
छोड़ो न गिला..,दो जिस्म एक जान हो जाने..
मेरे ख़्वाबों को कुछ देर अपनी बांहों में सो जाने दो
कहीं मिले होते,चाहतों के नहीं.. सिलसिले होते
चाहकर नहीं जतलाया खता मेरी,न गिले..
मिटा कर दूरियां मुझसे,प्यार में खो जाने दो
मेरे ख़्वाबों को कुछ देर अपनी बांहों में सो जाने दो
प्यार तो करते हम से,इक़रार अभी बाकी है
वो हां कर चुके हमसे,इज़हार अभी बाकी है
खुद में सम्माहित कर,फ़ना हो जाने दो
मेरे ख़्वाबों को कुछ देर अपनी बांहों में सो जाने दो

## हक़ीक़त



रेणुका अग्रवाल

मोहब्बत भरी बात हो।
रंगीन मुलाक़ात हो।
हाथ में तेरा हाथ हो।
उम्र भर का साथ हो।
बेज़ार न हो एक दूजे से।
प्यार इस तरह निभाएंगे।
दिल आ गया जब उन पर, दौड़ उनके पास ही जाएंगे।
कहो ऐसी वफ़ाएँ मंजूर है तुम्हे।
प्यार की हवाएँ मंजूर है तुम्हे।
साथ रहकर ख़ुशी पूरी करें,
या यूँ गर्म हवाएँ मंजूर है तुम्हे।
तू मेरे प्यार की कहानी बन।
साँसो की महक़ी रवानी बन।
दो दिल की धड़कन एक हो जाये।
मेरे जिस्म की तू जिंदगानी बन जा।
ये एहसास पूजा में हो,आरती घण्टी दीपक बाती में हो।
तब हर रोज़ दिवाली है।
मन नाचे ख़ुशीसे , तो होती होली है।
बेलगाम घोड़े सा मन हुआ। इंद्रियों पर कंट्रोल नहीं।
ममता से मन भरता ही नहीं, औलाद पे है ज़ोर नहीं।
न बेटा बस में न बेटी वश में। पढ़ाओ ख़ूब पढ़ाओ।
अपनी दौलत भी लुटाओ।
बुढ़ापे में सुख के लिये, फ़िर तरस तरस के मर जाओ।
जिनको अपना समझ रहे हो। छोड़कर चले जाएंगे।
तुमको भूलकर ये, अलग दुनिया बसायेंगे।

## दिक्कतों की गुल्लक



डॉ. डी. डी. देसाई

बचपन के वह दिन थे
चवन्नी अठन्नी से भरी गुल्लक
देख नाच उठते थे ।
मुट्ठियाँ भिंच लेते थे
महीनो हिसाब लगाते थे
बर्फ का गोला खाऊँ.......
या बताशे खरीदूँ .....
एक गुल्लक फूटेगी
और अनगिनत सपने पुरे होंगे ।
गाँव के मेले में –तीज-त्योहारों में
जमके मजे करेंगे
आज भी एक गुल्लक भरी पड़ी है ।
इस बार चवन्नी अठन्नी से नहीं बल्कि
घर की जिम्मेदारीयों से
मेरी गुल्लक भरी पड़ी है ।
माँ – बापू की दवाइयों की चिंता
बहु – बेटियों की खुशियों की चिंता
बच्चों के भविष्य की चिंता
आने वाले त्योहारों की चिंता
बहन की शादी की चिंता
अनगिनत दिक्कतों से लबालब
भरी पड़ी है मेरी गुल्लक
हनुमान ने द्रोणगिरी उठाया था
वैसे मैं 'दिक्कतों की गुल्लक' उठाए
लड़खड़ाते जीवन बिता रहा हूँ ।
त्यौहार आए या मेला आए
न इस गुल्लक को फोड़ सकता हूँ
और न ही इसे संभाल सकता हूँ ।

## देश की आभा



संगीता बलवंत, गाजीपुर यूपी

बेटी तेरी प्रगति मेरा अभिमान है
तेरा चहकना समृद्धि की पहचान है।
तू मायका ससूराल
दो-दो परिवारों की शोभा है
कभी कमजोरन पडना
तू घर की रौनक देश की आभा है।
तू बछेन्द्री पाल, कल्पना चावला
सीता, सावित्री, घोषा अपाला
हर भाई खडा है तेरे लिए
बन कर कवच लेकर भाला।
दौडते, कूदते, भागते हर वक्त
तेरे होठों पर हो मुस्कान
जगत की हर बेटी यहीं जन्म लेने की सोचे
ऐसा स्वर्ग सा बना रहे अपना हिन्दुस्तान।।

## आत्मीय मित्र प्रकृति



के.एल. प्रभाकर प्राण

निर्मल प्रकृति-मित्र बनकर
उसके अनंत विशाल उर से
जीवन पर्यंत आत्मीयता के
सुगंध वितरण करते
अंतरंग से आलिंगन करती है
वह आत्मीय मित्र-प्रकृति
उसके प्रेम,वात्सल्य भरे शब्द
मन मस्तिष्क की गहराइयों को
भावनात्मक स्पर्श कर
नई उमंग व चेतना की धारा बन
हौसला और आनंद की राह बनाकर
मन भावन के पुष्प विकसित कर
छत्र छाया देते हुए स्वच्छ मित्रता के राग गाते हैं
प्रकृति के परिमल शब्द यह प्रकृति की यथार्थ मैत्री
अनुपम व अतुलनीय है इसके पंच भूतों का
अनंत जैविक कांति पुंज संपूर्ण समर्पित भाव से
अस्तित्व का आधार बनकर
प्राकृतिक कोण को दर्शाता है
उस प्राकृतिक कोण के द्वारा
मन को मैत्री की परिभाषा का बोध होता है
तब, मेरी भावनाएँ प्रकृति की निर्मल मैत्री का
आलाप करती हैं- जिसमें प्रकृति के अनिर्वचनीय
त्याग गुणों की अमूल्य संपत्ति मिलती है
वह त्यागी प्रकृति एकमात्र मित्र बनकर
उल्लास का श्वास बनकर
मौन को वार्तालाप में परिवर्तित कर
अनुराग भरा उसके अनंत संसार में
सैर करवाते हुए-
मुझ में नित नव निर्मल सुविचारों का
वसंत को आविष्कृत कर वह प्रेरणा स्रोत बन
मानवीय मूल्यों का गंतव्य को दर्शाकर
मानवीकरण का संदेश देती है
वह आत्मीय मित्र-प्रकृति।

## मन बावरा



सविता राज, मुजफ्फरपुर बिहार

खिड़की से झांकता चांद,
मानस में उतर रहा।
आधी रात्रि का शमां,
नींद को ढूंढ रहे नयन।
तन्हाई साथी बने,
तरन्नुम बनी धड़कनें।
जाने किस ओर चला,
ये मन बावरा।
पीछे छूटी गलियां, मन बावरा ख्यालों में
आज भी रहता वहीं।
जिन गलियों में रहगुजर है रोजाना,
ये कभी अपने से न लगे, बेगाने ही रहे।
खिड़की से झांकता चांद, अपना सा लगता,
ये झिलमिलाते सितारें, बचपन के साथी हो जैसे।
खामोशियों के मेले लगे है, दिल की गलियों में।
रूह सरोवर है चांद की चमकती चांदनी में।

## इश्क़ की बरसात



लवली आनंद, बिहार

ना मज़हब ने लिहाज़ किया,
ना कोई उम्र ने बंदिशें लगाई,
ये इश्क की कैसी हवा उठी,
जो सरे-आम ही सबको नाच नचाई।।
ना किसी के रुके रुकी, ना किसी के कहने पे हुई,
ये कैसी दिल में आग लगी,
जो सरे-आम ही सबको जला डाली।।
ना जाने क्यों तुझे सोच कर,
ना जाने क्यों तेरी ओर चली,
जो जानी मैं जगज़ाहिर हुई,
जो जाना मैं बदनाम हुई,
फिर कैसी इश्क की हवा उठी
जो प्रीत की धानी चुनर रंगाई।।
ना रस्मो की जाल में उलझी,
ना कसमो की डोर बंधी,
ये कैसी इश्क की हवा उठी,
जो बिन डोर की मैं पतंग हुई।।
ना किसी के कहने से रुकी,
ना ही अपने मन की सुनी,
ये कैसी इश्क की बरसात हुई,
जो बिन बदरी मैं भींग गई।।

## मृत नहीं होते ज्वालामुखी



डॉ. संतोष पटेल
नई दिल्ली

सुप्त दिखते हैं कुछ ज्वालामुखी
लेकिन मृत नहीं होते
इक्कठा करते रहते हैं वे विस्फोटक
और दबाव के लिए होते रहते हैं तैयार
मिलते ही मौका
फट पड़ते हैं वे
करते हैं विनाश
उगलते हैं आग,
भयानक धूल व राख
जहरीले गैस और वाष्प
होता है उत्सर्जित उनके क्रेटर से।
ऐसे ही वे दिखते हैं सुसुप्तावस्था में
पर भीतर से खाली नहीं होते
मृत से दिखने वाले ज्वालामुखी की तरह
सुप्त तब तक रहते हैं जब तक
जमा करते रहते हैं दबाव
जैसे ही फिसलती है हाथ से ताकत
तो उनके क्रेटर जैसे मुंह से निकलने लगता है
लावा जैसा मवाद धूल जैसी गाली
गैस जैसी नफरत वाष्प जैसा भभका
राख जैसी घृणा आग जैसी बोली।

## प्रेम



गजानन पाण्डेय

पति - पत्नी के साथ से
जीवन है आबाद
जीवन में न प्रेम हो
तो सब सुख है बेकार
प्रेम की चंद घडियां
रह जाती है याद
नफरत से बनता जीवन दुश्वार
प्रेम भरा जीवन रहे यही सत्य आधार
मानवता की नींव है एक मधुर व्यवहार ।

## मेरे दोस्त



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

मेरे दोस्त हया की बात रहने दे
जो बात कहनी है कहने दे
तू मेरे सब्र का इम्तिहान ना ले
मैंने भी आधी जिंदगी
सलाखों में काटी है
वो और बात थी
कि सलाखों पे ताले ना थे
जज्बात कुंद थे
पर कुछ कह ना सके पर आज दिल की बात कहने दे
मेरे दोस्त हया की बात रहने दे
जवानी दीवानी होती है मोहब्बत में आग बरसती है
संभल कर चल धीरे चल
इतना ही कहना है बाकी बात रहने दे
मेरे दोस्त हया की बात रहने दे
बीते वक्त में पहले मोहब्बत थी
जिस्म रूह था आज मोहब्बत जिस्म है दौलत है
आदमी ने रूह का लिबास छोड़
दौलत का लिबास पहना है
इंसानियत छोड़, हैवानियत का जामा पहना है
मेरे दोस्त हया की बात रहने दे
रिश्तो की बात ना कर अपने अपनों से दूर हो गए
शर्म और हया तार तार है जिंदगी बेजार हैं
चारों और जुर्म का बाजार है
मेरे दोस्त हया कि बात रहने दे।।

## किस्मत



टी तारासिंह
हैदराबाद

बहाने छोडो तराने छोडो
दिल आज जिद्द पर आया है
मजबूर हुआ गम सह कर
तुझे चाहना किस्मत की बात थी ।
दिल में तडप थी उमंग थी
दिन बदले रातभर करवट बदले
रूठे हैं सपने बेजान है यादे
जागते रहे पुरी रात भर
तुझे चाहना किस्मत की बात थी ।
प्यार ना हुआ इकरार ना हुआ
जीने का आसरा भी कम हुआ
हर पल तेरा ही दीदार करते
दम भरते तेरे ही प्यार का
अब ओर झूठी कसमें ना लेगें
तुझे चाहना किस्मत की बात थी ।।

## मौन है गैया



डॉ उमेश प्रताप वत्स, हरियाणा

बड़े तूफान से पहले सदा ही,
शाँत माहौल हो जाता है।
रोगी भी मृत्यु से पहले,
स्वस्थ लक्षण दिखलाता है।
अनुभव करो शाँत माहौल से,
पहले की गहरी अथाह।
गऊ माता के मौन व्रत,
विवशता की भयंकर व्यथा।
अर्थ व्यवस्था का केन्द्र बिन्दु, भारत की पहचान थी।
हर घर में पूजा हो जिसकी, ऐसी वो भगवान थी।
भूले से भी न होता था, कभी अनादर गैया का।
राजा और प्रजा दोनों से, मान मिला था मैया का।
अपने भोजन से पहले, गैया का भोजन जाता था।
बच्चे-बूढ़े, महिलाओं से, परिवारों सा नाता था।
मधुर गीतों को गुनगुनाते, गैया को दुहवा जाता था।
तभी दूध औषध बनकर सब, संकट हर ले जाता था।
माँ गैया के मूत्र को मानव, बेझिझक पी जाता है।
गौ-गोबर सह पंचगव्य से, शुभ कारज कर पाता है।
गौ-पालक को सुखी मानता, था सारा खुशहाल समाज।
गैया के दुग्ध-दहीं और घी पर, मलयोद्धाओं को भी था नाज।
हाय! विडम्बना गऊ माता की, भूख-प्यास से व्याकुल आज।
दर-दर भटक रही है माता, एक-एक तिनके को मोहताज।
मंकी पॉक्स की महामारी से, तड़फ रही है माता आज।
अनदेखी गऊ भक्तों की, व्याधि रूप में गिरी है गाज।
गैया के अपमान से देखो, मानव गिरता जा रहा।
लाखों-करोड़ों कमाकर के भी, तनाव में पिसता जा रहा।
कैसे मिलेगी शाँति तुझको, मानव से दानव बनकर के।
घोर पाप के भागीदार तुम, खड़े बेशर्म तनकर के।
मौन है मैया देख रही, संत्रास चहुँ दिशाओं में।
शाँत धरा सी झेल रही, पीड़ा है दर्द निगाहों में।
खुदगर्जी के कारण तूने, मैया का ये हाल किया।
सौंप कसाई के हाथों में, उसका जीना बेहाल किया।
मौन वसुधा कब तक सहती, आते हैं भूकम्प-भूचाल।
गाय प्रताड़ित भैंस को पाले, बना रहा है मकड़-जाल।
मौनव्रत की गहराई को, अनदेखा कर ये भ्रम न पाल।
नासमझी कर नहीं जानता, होगी तबाही चहुँ ओर विकराल।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# सैलरी ज्यादा लेकिन टीचर्स पर भरोसा कम

## भारत में टीचर्स का औसत वेतन 19 हजार, भरोसा 61%...जर्मनी में सैलरी 4.82 लाख, भरोसा 40%

यूनेस्को की रिपोर्ट कहती है कि भारत में सरकारी और प्राइवेट टीचर्स की औसत सैलरी करीब 19 हजार रुपए है। जबकि 43% टीचर्स बिना किसी प्रोफेशनल कॉन्ट्रैक्ट के काम करते हैं और इनकी औसत सैलरी करीब 17 हजार प्रतिमाह ही है। हालांकि, यह मत समझिए कि जिन देशों में टीचर्स को बेहतर तनख्वाह मिल रही है, वहां जनता उनके प्रदर्शन से संतुष्ट है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी ) ने अपने सदस्य व सहयोगी देशों में टीचर्स की तनख्वाह पर एक अध्ययन किया है। वहीं आईपीएसओएस ने 28 देशों में अलग-अलग प्रोफेशन्स पर लोगों के भरोसे का एक इंडेक्स जारी किया है। इन दोनों के नतीजों का तुलनात्मक अध्ययन चौंकाने वाला है।

ओईसीडी के अध्ययन के मुताबिक टीचर्स को सैलरी देने के मामले में लक्जमबर्ग और जर्मनी, पहले और दूसरे स्थान पर हैं। भारत सबसे निचले पायदान पर है। जबकि आईपीएसओएस के इंडेक्स में टीचर्स पर भरोसे के मामले में भारत 5वें पायदान पर है, तो जर्मनी 14वें नंबर पर है। आइए जानते हैं टीचर्स की तनख्वाह और उन पर भरोसे का गणित...।

**भारत में सरकारी टीचर्स की औसत सैलरी प्राइवेट स्कूल टीचर्स से दोगुना**

यूनेस्को की स्टेट आफ एजुकेशन फार इंडिया 2021 रिपोर्ट के मुताबिक भारत में सरकारी स्कूलों के टीचर्स की औसत मासिक सैलरी 26381 रु. है। जबकि प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स की औसत मासिक सैलरी इसकी आधी 13099 रु. है। सरकारी और प्राइवेट दोनों ही तरह के स्कूलों में सबसे कम तनख्वाह प्री-प्राइमरी के टीचर्स की है। सरकारी स्कूलों में औसत मासिक वेतन 9440, रुपए तो प्राइवेट स्कूलों में 8946 रुपए है। सरकारी स्कूलों में 41% टीचर्स वेतन के अलावा पीएफ, पेंशन, ग्रैच्युटी, हेल्थकेयर और मैटरनिटी बेनिफिट्स पाते हैं। जबकि प्राइवेट स्कूलों के 59% टीचर्स को वेतन के अलावा और कोई बेनिफिट्स नहीं मिलते हैं। भारत में सरकारी और प्राइवेट हर तरह के टीचर्स को मिला लें तो औसत सालाना सैलरी 2.36 लाख रुपए ही बनती है। यानी करीब 19 हजार रुपए प्रतिमाह।

ओईसीडी के सदस्य देशों में टीचर्स को सबसे कम सैलरी ब्राजील में मिलती है, मगर यहां भी टीचर्स न्यूनतम औसत सालाना वेतन 11.16 लाख रुपए है।

### भारत में शिक्षा की बदहाली

**11.16** लाख पद खाली पड़े हैं टीचर्स के यूनेस्को के मुताबिक

**2.48** लाख टीचिंग पद सिर्फ बिहार में खाली


**12044** टीचर्स के पद **1247** केंद्रीय विद्यालयों में खाली

**6210** टीचिंग पद खाली हैं 42 केंद्रीय यूनिवर्सिटीज में

लगभग हर राज्य में टीचर भर्ती कानूनी विवादों में उलझी

**45** घंटे हर हफ्ते काम करना है हर टीचर को RTE के मुताबिक

**55** से **60** घंटे हर हफ्ते औसतन काम कर रहे हैं टीचर्स




*1.57 लाख रुपए ही है भारत में प्राइवेट स्कूल टीचर्स की औसत सालाना सैलरी*

**सैलरी कम मगर भरोसा ज्यादा**

आईपीएसओएस के ट्रस्ट वर्दीनेस इंडेक्स के मुताबिक टीचर्स पर भरोसा जताने के मामले में भारत 5वें स्थान पर है। भारत में 61% लोग टीचर्स को भरोसेमंद मानते हैं। सेना को 64% लोग भरोसेमंद मानते हैं, जबकि 64% वैज्ञानिकों को भरोसेमंद मानते हैं। आईपीएसओएस के इंडेक्स में नीदरलैंड्स और तुर्की भी भारत के साथ 5वें पायदान पर हैं। यहां भी 61% लोग ही टीचर्स को भरोसेमंद मानते हैं। मगर नीदरलैंड्स में टीचर्स का न्यूनतम सालाना औसत वेतन 37 लाख रुपए और तुर्की में 24 लाख रुपए है। इसी तरह 9वें स्थान पर 4 देश, स्वीडन, बेल्जियम, कोलंबिया और हंगरी हैं। टीचर्स पर भरोसा एक सा होने के बावजूद यहां टीचर्स के वेतन में बहुत ज्यादा अंतर है। हंगरी में टीचर्स का न्यूनतम औसत सालाना वेतन 13 लाख है, तो स्वीडन में 34 लाख रुपए है। कोलंबिया में यह 17 लाख, तो बेल्जियम में 32 लाख रुपए है।

ओईसीडी के मुताबिक जो 10 देश टीचर्स को सबसे ज्यादा सैलरी देते हैं, उनमें से सिर्फ चार ही टीचर्स पर भरोसा जताने वाले टॉप-10 देशों में आते हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि इस पैरामीटर पर इनमें से सिर्फ एक नीदरलैंड्स भारत के बराबर है। बाकी तीन स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और यूएसए भारत से पीछे हैं।

ओईसीडी के मुताबिक टीचर्स को सर्वाधिक सैलरी देने वाला लक्जमबर्ग सर्वे में शामिल नहीं था। हालांकि, यहां टीचर्स के प्रदर्शन को लेकर कई शोध हुए हैं। जनवरी 2021 में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक 3 वर्षों तक छात्रों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 40% छात्र टीचर्स के पढ़ाने के तरीके की वजह से उनसे खास जुड़ाव महसूस नहीं करते हैं। 11% छात्र तो टीचर्स से बिल्कुल भी जुड़ाव महसूस नहीं करते।

भारत में 94% टीचर्स को नौकरी जाने का डर... जबकि नॉर्वे में 12% टीचर्स नौकरी छोड़ना चाहते हैं। यूनेस्को की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में टीचर्स के लिए तनाव की सबसे बड़ी वजह नौकरी जाने का डर है। 94% टीचर्स ने कहा है कि वह इस वजह से तनाव में रहते हैं। इसके अलावा 90% टीचर्स छात्रों के बुरे व्यवहार और 85% खराब नेतृत्व के कारण तनाव में रहते हैं। वहीं ओईसीडी का अध्ययन बताता है कि अधिक तनख्वाह के बावजूद कई सदस्य देशों में टीचर्स नौकरी छोड़ना चाहते हैं। नॉर्वे में सबसे ज्यादा 12% टीचर्स का कहना है कि वह यह जॉब छोड़कर कोई और नौकरी करना चाहते हैं।

आईपीएसओएस का सर्वे 2020-21 के दौरान किया गया। इसमें 28 देशों में आईपीएसओएस के सदस्यों को करीब 30 अलग-अलग प्रोफेशनल्स की सूची दिखाई गई। लोगों से यह पूछा गया कि इन प्रोफेनलस में से अपने देश में वे किसे ज्यादा भरोसेमंद मानते हैं और किसे कम भरोसेमंद मानते हैं। कोरोनाकाल का असर था कि लोगों ने सबसे भरोसेमंद डॉक्टर्स और उसके बाद वैज्ञानिकों को माना। इन दोनों प्रोफेशनल्स के बाद तीसरे स्थान पर टीचर्स को सबसे ज्यादा भरोसेमंद माना गया। कोरोनाकाल में टीचर्स ने जिस तरह खुद को बदला और ऑनलाइन एजुकेशन में परफॉर्म किया उससे लोगों का भरोसा बढ़ा। कोरोनाकाल ही टीचर्स के लिए सबसे ज्यादा तनावपूर्ण समय भी था। अमेरिका में कोरोनाकाल के तनाव की वजह से ही अब 30% से ज्यादा टीचर्स नौकरी छोड़ चुके हैं, या छोड़ने की तैयारी में हैं।

# केजरीवाल सरकार को खतरा कम, नौटंकी ज्यादा



'दिल्ली सरकार गिराने के लिए इन्होंने 800 करोड़ रखे हैं- प्रति एमएलए 20 करोड़, 40 एमएलए तोड़ना चाहते हैं।' ये आरोप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 25 अगस्त को बीजेपी पर लगाया। इस आरोप से कुछ देर पहले ही आम आदमी पार्टी के विधायकों ने केजरीवाल के घर पर बैठक की थी, जिसमें 62 में से 53 विधायक पहुंचे थे। मनीष सिसोदिया हिमाचल में होने की वजह से नहीं पहुंचे, जबकि केजरीवाल ने बाकी के 8 विधायकों से संपर्क नहीं होने का दावा किया।

**आओ समझते हैं कि आखिर क्यों केजरीवाल का ये बयान हकीकत कम और सियासी ड्रामा ज्यादा है, साथ ही यह भी जानेंगे कि बीजेपी पर लगे आरोप में कितना दम है?**

**बहुमत के आंकड़े से बहुत दूर है बीजेपी**

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से आप ने 62 और बीजेपी ने 8 सीटें जीती थीं। दिल्ली में बहुमत का आंकड़ा 36 है। इस लिहाज से बीजेपी को यहां सरकार बनाने के लिए और 28 सीटों की जरूरत पड़ेगी। यानी उसे आप के कम से कम 28 विधायकों को तोड़ना पड़ेगा, जो बीजेपी के लिए बेहद मुश्किल काम है। केजरीवाल ने 25 अगस्त को दावा किया कि आप के 8 विधायक गायब हैं। उन्होंने बीजेपी पर आप के विधायकों को तोड़ने का आरोप लगाया था। उनके दावे को सच भी मानें तो 8 विधायकों को तोड़ने के बाद भी बीजेपी बहुमत से दूर ही रह जाती। ऐसे में सवाल भी हैः हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ने बीजेपी की शह पर शिवसेना के 40 विधायक तोड़ लिए, दिल्ली में ऐसा क्यों नहीं हो सकता?

**एक और लाजिक :** दिल्ली में बीजेपी के पास एकनाथ शिंदे जैसा कोई नेता नहीं है, जो आप के 40 विधायकों को तोड़ने जैसे मुश्किल ऑपरेशन को अंजाम दे सके। साथ ही आम आदमी पार्टी में फिलहाल शिवसेना जैसी कोई स्थिति नहीं दिख रही है। भले ही केजरीवाल ये दावा कर रहे हैं कि बीजेपी की ओर से मनीष सिसोदिया को उनकी पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया गया था।

**दिल्ली की सत्ता हासिल करके बीजेपी को क्या मिलेगा?**

महाराष्ट्र में सत्ता के उलटफेर के खेल में आखिरी मौके तक बीजेपी खुलकर सामने नहीं आई, वजह- वह अपने सिर सरकार गिराने की तोहमत लेना नहीं चाहती थी। ठीक इसी तरह दिल्ली में बीजेपी के सामने एक तरफ बदनामी का भी जोखिम है, तो दूसरी तरफ दिल्ली के केंद्र शासित प्रदेश होने की वजह से भी बीजेपी के लिए वहां पाने के लिए बहुत कुछ नहीं है।

दिल्ली नगर निगम में बीजेपी काबिज है। एलजी केंद्र सरकार के ही प्रतिनिधि हैं, एलजी का हमेशा से आप सरकार से तकरार चलता ही रहा है। दिल्ली पुलिस भी केंद्र सरकार के हाथ में है। 2019 में दिल्ली में केजरीवाल सरकार के बहुमत में होने के बावजूद कुछ महीने बाद हुए लोकसभा चुनावों में सभी 7 सीटें बीजेपी ने जीती थीं। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनावों में भी दिल्ली में सभी 7 सीटें बीजेपी ने जीती थीं, जबकि उसके कुछ महीनों बाद हुए विधानसभा चुनावों में केजरीवाल ने बहुमत हासिल किया था।

यानी दिल्ली में केजरीवाल के सत्ता में होने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनावों में दिल्ली में बीजेपी पर हार का खतरा कम है।

**गुजरात चुनाव करीब है, बीजेपी नहीं देना चाहेगी आप को मौका**

करीब 4 महीने बाद, यानी दिसंबर में गुजरात में चुनाव है। आम आदमी पार्टी ने वहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आप ने 300 यूनिट फ्री बिजली और महिलाओं को 1 हजार रुपए महीना देने जैसे वादे किए हैं। बीजेपी ने भी हाल ही में 4 हजार गांवों में फ्री वाई-फाई की सुविधा शुरू की है, जिसे आप के फ्री स्कीम वादों का जवाब माना जा रहा है। यानी गुजरात चुनावों में बीजेपी आप की हर चुनौती से निपटने की तैयारी में जुटी है। ऐसे में गुजरात चुनावों से ठीक पहले बीजेपी दिल्ली में सरकार गिराकर आम आदमी पार्टी को विक्टिम कार्ड खेलने का मौका नहीं देना चाहेगी।

शराब घोटाले से ध्यान भटकाने की कोशिश ज्यादा केजरीवाल के बीजेपी पर सरकार गिराने के हालिया आरोपों को शराब घोटाले से ध्यान भटकाने की कोशिश माना जा रहा है। खास बात ये है कि शराब पॉलिसी पर उठ रहे सवालों का जवाब अब तक केजरीवाल सरकार दिल्ली में एजुकेशन सेक्टर पर किए अपने कामों के जरिए ही ज्यादा दिया है। इसके लिए उसने ने हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स में छपे एक आर्टिकल का भी उदाहरण दिया है, जिसमें आप सरकार के दिल्ली के स्कूल मॉडल की तारीफ की गई थी। सिसोदिया दिल्ली के शिक्षा मंत्री भी हैं। शराब पॉलिसी पर उठ रहे सवालों के जवाब देने की जगह केजरीवाल का एजुकेशन और हेल्थ के कामों की तारीफ का हवाला देना, मुद्दे से ध्यान भटकाने की ही कोशिश जैसा ही है।

दरअसल, सीबीआई ने 19 अगस्त को शराब घोटाले को लेकर दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास समेत 21 ठिकानों पर छापेमारी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नई शराब नीति में खामियों को लेकर सीबीआई और ईडी की शुरुआती रिपोर्ट में सामने आया है कि इससे शराब डीलर्स का मुनाफा 989% बढ़ गया, लेकिन सरकार की कमाई घटी और उसके वैट और एक्साइज ड्यूटी में करीब 99% की गिरावट आई।

बता दें कि केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में दिल्ली में नई शराब पॉलिसी लागू की थी। जुलाई 2022 में एलजी वीके सक्सेना ने नई शराब पॉलिसी में नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा, यानी ईओडब्ल्यू ने जुलाई 2022 में एलजी और दिल्ली सीएम को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सिसोदिया पर नई शराब नीति के जरिए कोरोना के नाम पर 144 करोड़ रुपए की टेंडर लाइसेंस फीस माफ करने और शराब ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया था। दो वजहें, जिनकी वजह से सच हो सकता है केजरीवाल का डर।

**ऑपरेशन लोटस में माहिर है बीजेपी**

विपक्षियों का आरोप है कि ऑपरेशन लोटस के जरिए बीजेपी चुनी हुई राज्य सरकारों के विधायकों को अपने पाले में मिलाकर सरकार गिराने का खेल करती रही है। इसके हालिया उदाहरण पिछले 3 सालों के दौरान कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र हैं। इन सभी राज्यों में कांग्रेस या उसके गठबंधन की सरकारें थीं, लेकिन सभी जगह समय से पहले ही सरकारें गिरीं और बीजेपी सत्ता पर काबिज हो गई। इन राज्यों के उदाहरण को देखते हुए केजरीवाल के दिल्ली में भी बीजेपी के ऑपरेशन लोटस चलाने के दावे को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता है।

**22 साल से दिल्ली की सत्ता से दूर है बीजेपी**

पिछले कुछ सालों में बीजेपी का ग्राफ देश में तेजी से बढ़ा है। इसके बावजूद वह दिल्ली की सत्ता से पिछले 22 साल से दूर है। आखिरी बार 1998 में बीजेपी दिल्ली की सत्ता में आई थी, जब सुषमा स्वराज मुख्यमंत्री बनी थीं। इसके बाद 1998 से 2013 तक कांग्रेस की शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। 2013 में आम आदमी पार्टी के उभार के बाद से अरविंद केजरीवाल दो बार 2015 और 2019 में जोरदार जीत के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं। ऐसे में बीजेपी केजरीवाल सरकार को सत्ता से बाहर करके सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर सकती है।

# बाढ़ के बीच पाकिस्तान में सियासी उफान

यदि कोई यह देखे कि पाकिस्तान में ट्विटर में क्या ट्रेंड कर रहा है, तो उसे पता चलेगा कि यहां के नागरिक दो भिन्न ग्रहों में रह रहे हैं। ट्विटर पर यह ट्रेंड कर रहा है- 'इस हाथ दे, उस हाथ ले : नवाज शरीफ की अयोग्यता को उलटने के बदले जनरल बाजवा को एक और विस्तार, ताकि वह कानूनी रूप से राजनीति में लौट सकें?' हाल ही में लंदन में जनरल बाजवा की पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के नेता नवाज शरीफ से मुलाकात की रिपोर्ट्स आने के बाद सोशल मीडिया में लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि दोनों के बीच किस तरह का सौदा हुआ है।

दूसरी ओर आर्मी के प्रवक्ता जनरल बाबर ने पूछे जाने पर किसी तरह की मुलाकात को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। इस अपुष्ट सौदे के मुताबिक नवाज शरीफ लंदन में अपना स्व-निर्वासन खत्म कर पाकिस्तान लौटेंगे और राजनीति में सक्रिय होंगे। आम सहमति यह है कि पाकिस्तान तहरीक इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष को आगे बढ़ने और राजनीतिक परिदृश्य पर कब्जा करने से रोकने का एकमात्र तरीका नवाज शरीफ की वापसी उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों को फिर से जीवंत कर देगी और इससे इमरान खान का जनाधार खिसक जाएगा।

इसके बदले में जनरल बाजवा को एक और विस्तार मिलेगा। हालांकि पाकिस्तान में चाहे जो कुछ भी संभव हो, बाजवा के लिए एक और विस्तार मुश्किल है, क्योंकि वह अपने प्रवक्ता के जरिये सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वह नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। लेकिन पाकिस्तान में सच्चाई एकदम भिन्न है और असली खबर को न केवल सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा भी नजरंदाज किया जा रहा है और उसे महत्वहीन ढंग से प्रसारित किया जा रहा है। बारिश में डूबा हुआ है, जिसमें बलूचिस्तान तथा सिंध प्रांत सर्वाधिक प्रभावित हैं। सिंधु नदी का पानी 5,00,000 क्यूसेक बढ़ गया है और अगले कुछ दिनों में इसके 7,00,000 क्यूसेक के निशान को छू लेने का अंदेशा है। मैंने हाल ही में ट्वीट किया था, 'न तो कोई भी सरकार और न ही कोई राजनीतिक दल अकेले अपने दम पर देश भर में आई इस आपदा से निपट सकता है। पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ही लोगों के बीच मौजूद हैं, जबकि और अधिक बारिश का अनुमान जताया जा रहा है।

मानवता को इमरान खान और उनके नेतृत्व के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए, जो कि इस संकट के समय में गायब हैं।' कई महीनों से जारी इस आपदा में इमरान खान और उनकी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी ने अब तक एक बयान भी जारी नहीं किया कि उनके कार्यकर्ता फंड एकत्र करें और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर गरीब लोगों की मदद करें। दरअसल इमरान खान को बलूचिस्तान और सिंध की परवाह नहीं है, क्योंकि इन प्रांतों में उनकी पार्टी की सरकारें नहीं हैं।

पाकिस्तान में जलवायु परिवर्तन अब एक वास्तविकता है, जिसने देश को बुरी तरह प्रभावित किया है और सरकार अपनी तैयारियों में कमी को लेकर कोई भी बहाना नहीं बना सकती। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने कहा, 'पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से कल तक 830 लोगों की मौत हो चुकी थी और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। देश में बारिश ने भारी तबाही मचा रखी है। हमें व्यक्तिगत राजनीति में उलझने के बजाय अभी लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने के बारे में ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।'

बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। अनेक गांव बाढ़ में पूरी तरह से बह गए, यहां तक कि छोटे बच्चों को भी बाढ़ अपने साथ बहा ले गई। बहुत से लोग बेघर हो गए हैं और कई तो ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में फंसे हुए हैं, जो पूरी तरह से कट गए हैं और वहां तक राहत पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। मौत और विनाश का कहर जारी है, जो आजीविका को नष्ट कर रहा है और पूरी बस्तियों को नष्ट कर रहा है। हाल के उपचुनावों के बाद पहली बार पंजाब प्रांत की सत्ता पीटीआई के हाथों में आई है, जो कि नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग के लिए एक झटका है, दशकों से जो इसे नियंत्रित कर रही थी।

बाढ़ की आपदा जिसने पाकिस्तान को बुरी तरह प्रभावित किया है, और जिसकी वजह से शाहबाज शरीफ सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की गुहार भी लगाई है, पंजाब प्रांत और केंद्र सरकार के बीच खींचतान जारी है। पूर्व राजदूत डॉ. मलीहा लोधी कहती हैं, 'पंजाब की प्रांतीय सरकार और केंद्र के बीच जारी टकराव ने राजनीतिक अव्यवस्था पैदा कर दी है। राजनीतिक लाभ लेने की उनकी कोशिशें उन्हें उलटी दिशा में ले जा रही है, और यह सब



देश की आर्थिक स्थिरता को कमजोर करने की कीमत पर हो रहा है।'

फिलहाल इमरान खान अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए अदालतों के अंदर और बाहर लड़ रहे हैं, क्योंकि उनके खिलाफ कई मजबूत मामले हैं, जिससे उनके राजनीतिक करियर को खतरा है। उन पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया गया है, क्योंकि उन्होंने न्यायाधीशों और पुलिस को धमकी दी। उन पर अदालत की अवमानना के आरोप हैं। भ्रष्टाचार के आरोप हैं कि उन्होंने तोशखाना से उपहार ले लिए और उन्हें विदेशों में बेच दिया। यहां तक कि चुनाव आयोग का मानना है कि इमरान ने विदेशी फंडिंग मामले में धन की घोषणा नहीं की थी। ये आलोचनाएं भी हो रही हैं कि अदालत ने उनके खिलाफ उस तरह की कड़ी कार्रवाई नहीं की है, जैसा कि उसने अन्य राजनीतिकों के खिलाफ की हैं।

लेकिन अब बहुत गंभीर आरोपों और मामलों की सुनवाई उच्च न्यायपालिका में होने से क्या इमरान खान को सजा सुनाई जाएगी? इमरान खान ने अपनी लोकप्रियता बरकरार रखी है और उनके समर्थकों को किसी भी अदालती मामले या आलोचना से फर्क नहीं पड़ रहा है। उनका वोट बैंक लगातार मजबूत हो रहा है, जिसके चलते इस हफ्ते तब लोग हैरत में पड़ गए, जब उपचुनाव में कराची की एक सीट जीत ली। विश्लेषक और टिप्पणीकार मुशर्रफ जैदी कहते हैं, 'युवाओं में इमरान खान का आकर्षण कायम है। वह मौलिक रूप से पाकिस्तान को बदलने के लिए आए थे, क्योंकि पाकिस्तानी यथास्थिति से थक चुके थे।'

# मन की शांति और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक माना जाता है मोती रत्न, इस राशि के जातकों को मिलता है लाभ





ज्योतिष अनुसार जीवन में ग्रहों के अशुभ प्रभाव के कारण कई शारीरिक, मानसिक या आर्थिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। वहीं रत्नों को धारण करने से ग्रहों को मजबूत करने के साथ ही कई परेशानियों से राहत मिल सकती है। आज के समय में चिंता, तनाव काफी आम समस्या बनती जा रही है। ऐसे में मोती रत्न को धारण करने से लाभ मिल सकते हैं। इसे चंद्र ग्रह से संबंधित माना जाता है। तो आइए जानते हैं मोती धारण करने के लाभ और किस राशि के लोगों के लिए है ये फायदेमंद...

**मोती धारण करने के लाभ**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्रमा से संबंधित सफेद रंग का यह रत्न मन और मस्तिष्क को काफी प्रभावित करता है। ऐसे में मन की शांति, और एकाग्रता बढ़ाने के लिए मोती रत्न धारण कर सकते हैं। साथ ही बैचेनी को दूर करके अनिद्रा की समस्या में भी मोती रत्न सहायक माना गया है।

वहीं यदि किसी जातक की कुंडली में चंद्रमा की महादशा होने, राहु या केतु की युति में भी मोती पहनने की सलाह दी जाती है। इसे आप ज्योतिषीय सलाह से शुक्ल पक्ष के किसी सोमवार को चांदी की अंगूठी में पहन सकते हैं।

**मोती किस राशि के लोग पहन सकते हैं**

ज्योतिष के जानकारों के मुताबिक, मेष, कर्क, वृश्चिक और मीन लग्न के लोगों के लिए मोती रत्न धारण करना शुभ माना जाता है।

# हरतालिका तीज पर बन रहे 2 शुभ योग

## इन उपायों को करने से मिलेगा भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद





हर साल हरतालिका तीज का त्योहार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा- अर्चना की जाती है। इस वर्ष यह व्रत 30 अगस्त को रखा जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र की कामना के साथ व्रत रखती हैं। वहीं कुंवारी लड़कियां भी अच्छे वर की कामना के साथ इस व्रत को रखती हैं। लेकिन क्या आपको पता है इस दिन कुछ उपाय करके वैवाहिक जीवन को खुशहाल बनाया जा सकता है। साथ ही आपकी हर मनोकामना पूरी हो सकती है। इस साल हरतालिका तीज पर दो शुभ संयोग भी बन रहे हैं। जिस वजह से इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। आइए जानते हैं इन उपायों और शुभ संयोगों के बारे में...

### बन रहे ये शुभ योग

वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल हरतालिका तीज पर शुभ योग और हस्त नक्षत्र का संयोग बन रहा है। शुभ योग 30 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 3 मिनट तक रहेगा। ज्योतिष के अनुसार इस योग में महादेव और पार्वती की पूजा से विशेष आशीर्वाद मिलता है। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं हरतालिका तीज के पर पूरे दिन हस्त नक्षत्र रहेगा। कहते हैं इस नक्षत्र में 5 तारे आशीर्वाद की मुद्रा में होते हैं। इसलिए इस दिन पूजा करने का दोगुना फल प्राप्त होता है।

### ऐसे करें अभिषेक

पति-पत्नी के बीच अगर मतभेद होते हैं तो हरतालिका तीज के दिन दूध में केसर मिलाकर माता पार्वती और भगवान शिव का अभिषेक करें। ऐसा करने से आपको मां पार्वती और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### जल्दी बनेंगे विवाह के योग

यदि कोई कन्या विवाह योग्य है और काफी प्रयास के बाद भी विवाह नहीं हो पा रहा हो तो इस दिन वह कन्या शिव-गौरी मंदिर में जाएं और भगवान शिव और माता गौरी पर दो पान और दो सुपारी के जोड़े चढ़ाएं। ऐसा करने से जल्द ही विवाह के योग्य बनेंगे।

### धारण करें गौरी- शंकर रुद्राक्ष

वैवाहिक जीवन की खुशहाली के लिए इस दिन गौरी- शंकर रुद्राक्ष का अभिषेक कर गले में धारण करें। ऐसा करने से आपके वैवाहिक जीवन में हमेशा मिठास बनी रहेगी।

### करें ये उपाय

हरतालिका तीज के दिन महिलाओं को निर्जला उपवास करना चाहिए। साथ ही सायं काल सोलह श्रृंगार करके किसी शिव के मंदिर में जल चढ़ाना चाहिए। साथ ही मां पार्वती को लाल रंग की चुनरी अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने से घर में सुख- समृद्धि का वास रहता है। साथ ही पति दीर्घ आयु होता है।

# अगर घर या ऑफिस में दिखे ये संकेत तो ...

घर का माहौल देखने से पता चलता है कि घर में वास्तु दोष है या नहीं। जी दरअसल हमारे आसपास के माहौल में सकारात्मक ऊर्जा हो या नकारात्मक ऊर्जा, दोनों ही हम पर असर डालती हैं। वहीं वास्तु शास्त्र का सिद्धांत इन्ही ऊर्जाओं पर ही आधारित है। जी दरअसल वास्तु शास्त्र में नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने के तरीके बताए गए हैं। इसी के साथ ही कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका पालन करने से घर, ऑफिस या किसी भी जगह को सकारात्मकता से भरा जा सकता है। आपको बता दें कि ऊर्जा का प्रभाव हमारे जीवन के हर पहलू पर पड़ता है। कहा जाता है अगर ऊर्जा गलत हो तो इसके बुरे नतीजे झेलने पड़ते हैं और ऐसी स्थिति में इन वास्तु दोषों को दूर करने के लिए जल्द से जल्द उपाय कर लेने चाहिए। आज हम कुछ उपाय बताने जा रहे हैं।



**नकारात्मकता या वास्तु दोष होने के लक्षण –**

- घर, ऑफिस या जिस भी जगह पर ताजगी महसूस न हो, तो यह वास्तु दोष होने का लक्षण है। इसका मतलब है कि अच्छी नींद लेने, बिना किसी सेहत संबंधी समस्या के पर्याप्त चाय-कॉफी पीने के बाद भी थकावट-कमजोरी महसूस हो तो यह उस जगह पर नकारात्मक ऊर्जा होने का संकेत है।
- कई लोगों को बिना किसी कारण के नौकरी में तरक्की न मिले, व्यापार में घाटा हो तो इसे वास्तु दोष का लक्षण मन जाता है। वास्तु दोष व्यक्ति के साहस-आत्मविश्वास पर बुरा असर डालता है।
- हमेशा बीमार रहना भी वास्तु दोष की निशानी हो सकती है।
- घर में पैसा न टिकना, आय न बढ़ता, तरक्की न होना वास्तु दोष का लक्षण है।
- बार-बार धन हानि होना या आर्थिक स्थिति में बार-बार उतार-चढ़ाव आना भी वास्तु दोष के लक्षण है।
- घर में हमेशा कलह होना, बेवजह चिड़चिड़ाहट वास्तु दोष के कारण होता है।
- जिंदगी जीने का उत्साह कम होना, हमेशा निराशा या उदासी से घिरे रहना भी वास्तु दोष का लक्षण है।



# घर में लगा लें इस फूल का पौधा हो जाएगा 'चट मंगनी पट ब्याह'

वास्तु शास्त्र के बारे में बात करें तो इसमें कई ऐसे पेड़ पौधों के बारे में बताया गया है जिन्हें घर में लगाने से आप अपनी कई तरह की मुश्किलों से निजात पा सकते हैं। इसी लिस्ट में शामिल है पियोनिया का पौधा। जी दरअसल वास्तु शास्त्र में इस पौधे को घर में लगाने के कई फायदे हैं और इसी में शामिल है जल्दी शादी का योग। अब हम आपको बताते हैं पौधे को कैसे और किस दिशा में लगाना शुभ होता है?

जी दरअसल वास्तु शास्त्र के अनुसार, यदि शादी नहीं हो पा रही है या किसी कारण से टलती जा रही है, तो घर में पियोनिया के फूल का पौधा लगाना चाहिए। पियोनिया के फूल को फूलों की रानी कहा जाता है। कहा जाता है यह फूल सौंदर्य, रोमांस के प्रतीक माने जाते हैं। इस वजह से इनकी पॉजिटिव वाइब्स जल्दी शादी कराने में सहायक साबित होती है। आप सभी जानते ही होंगे घर में लड़ाई और झगड़ों की एक वजह वास्तु दोष भी



होता है और वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर आपके भी घर में हर छोटी बड़ी बात पर वाद विवाद होना शुरू हो जाता है, तो पियोनिया की पेंटिंग या इसका पौधा घर पर लगान चाहिए। आप इस पौधे को दक्षिण पश्चिम दिशा की ओर लगाएं, क्योंकि इस दिशा का संबंध परिवार में रहने वाले लोगों के बीच के संबंध को दर्शाता है।

वहीं वास्तु के अनुसार, घर के ड्राइंग रूम में पियोनिया की पेंटिंग या फूल लगाना अधिक शुभ माना जाता है। कहा जाता है इसके असर से लड़के या फिर लड़की के विवाह में हो रही देरी दूर होने लगती है शादी झटपट संपन्न हो जाती है। इसके अलावा सुखी जीवन के लिए पियोनिया के पौधे को घर में दक्षिण पश्चिम दिशा के कोने में लगाएं। जी दरअसल वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऐसा करने से घर में प्रसन्नता का वास होता है रिश्तों से मनमुटाव भी ख़त्म होने लगता है। केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा यदि आप बगीचे में पियोनिया का पौधा लगा रहे हैं, तो घर के प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर लगाएं।

# तुलसी के पास भूलकर भी ना रखें यह चीजें वरना हो जाएंगे कंगाल

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को सबसे पवित्र पौधों में से एक माना जाता है। जी दरअसल ऐसी मान्यता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है उस घर में कभी भी कोई परेशानियां नहीं आती हैं। इसके अलावा अगर तुलसी का पौधा बिना किसी कारण के ही सूख जाता है तो यह घर में होने वाले नुकसानों और समस्याओं की ओर संकेत करता है। हालाँकि तुलसी का पौधा लगाने के कुछ वास्तु नियम हैं जो हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। जी दरअसल तुलसी के पौधे के आस-पास आपको कौन सी चीजें भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए यह आज हम आपको बताने जा रहे हैं।




**तुलसी के पौधे के आसपास न रखें कूड़ादान-** जी दरअसल तुलसी के पौधे को बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस वजह से अगर आप इस पौधे के आस-पास गंदगी रखते हैं तो ये आपके लिए अच्छा नहीं है।

**तुलसी के पास न रखें जूते चप्पल-** अगर आप तुलसी के पौधे के आस-पास भी जूते या चप्पल रखते हैं तो ये आपके जीवन में दुखों का कारण बन सकता है। जी दरअसल तुलसी को माता लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है, इस वजह से तुलसी के पौधे के पास जूते या चप्पल रखने से माता लक्ष्मी रूठ जाती हैं।

**तुलसी के पास न रखें शिवलिंग-** कई लोग तुलसी के गमले में शिवलिंग रख देते हैं और तुलसी और शिवलिंग का पूजन करते हैं। हालाँकि वास्तु के अनुसार कभी ही तुलसी के पौधे में शिवलिंग नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि तुलसी का पूर्व जन्म में नाम वृंदा था और वह जालंधर नाम के एक राक्षस की पत्नी थी। हालाँकि जालंधर के अत्याचार को देखकर भगवान शिव ने उसे मार दिया। तभी से शिव जी को तुलसी दल न चढाने की सलाह दी जाती है और इसी वजह से तुलसी के पौधे में कभी भी शिवलिंग नहीं रखना चाहिए।

# अचानक रास्ते में दिख जाए ऐसा सांप तो समझ लीजिये मिलने वाली है खुशखबरी



जिन लोगों को अच्छे दिन चाहिए होते हैं वह हमेशा टोटके का सहारा लेते रहते हैं। वहीं कई जानवर, कई बातें, कई चीजों को गुड लक और बैड लक के तौर पर देखा जाता है, वैसे इनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इसे केवल ज्योतिष और सामाजिक मत माना जाता है। हालाँकि धर्म में आस्था रखने वाले लोग आज भी शगुन और अपशगुन में विश्वास रखते हैं। इन सभी मतों के आधार पर आज हम आपको सांपों से जुड़े कुछ शगुन और अपशगुन के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं।

**धन लाभ का संकेत-** अगर किसी व्यक्ति को कहीं सफेद सांप दिख जाए तो यह अच्छा संकेत माना जाता है। जी दरअसल ज्योतिष मत के अनुसार, सफेद सांप का दिखना धन लाभ का सूचक माना जाता है। इसी के साथ ही अपने अटके हुए कार्यों में भी तेजी आने लगती है। हालाँकि सफेद सांप दिखना बहुत ही दुर्लभ माना जाता है।

**ऐसी जमीन देती हैं फायदा-** शगुन शास्त्र के अनुसार, अगर आपके द्वारा ली गई जमीन को खोदते समय सांप या सांप का जोड़ा दिख जाए तो यह शुभ संकेत माना जाता है। जी दरअसल जमीन आपके लिए शुभ मानी जाती है और इस तरह की जमीन से कई तरह के फायदे होते हैं। वहीं जमीन पर बने घर में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

**महादेव की कृपा-** अगर आपको कभी शिवलिंग पर सांप लिपटा हुआ दिख जाए तो यह शुभ माना जाता है। जी दरअसल ऐसी मान्यता है कि इस तरह सांप के दिखने पर व्यक्ति को देवों के देव महादेव की कृपा होती है। हालाँकि अगर कोई मरा हुआ सांप दिख जाए तो यह अशुभ माना जाता है।

**कार्यों में जल्दी सफलता-** अगर आप किसी जरूरी काम से बाहर जा रहे हों और तभी रास्ते में आपके सीधे हाथ की तरफ सांप जा रहा हो तो यह शुभ संकेत माना जाता है। जी दरअसल शगुन शास्त्र के अनुसार, सांप के इस तरह दिखने पर आपके काम की सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती हैं।

# विकास से ध्यान भटकाने के लिए सांप्रदायिक विभाजन की कोशिश : केटीआर

हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उद्योग और आईटी मंत्री केटी रामाराव ने कहा कि कुछ राजनीतिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक अशांति फैलाने के प्रयासों पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि इस तरह के प्रयास विकास के रास्ते से ध्यान हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भगवान ने लोगों को धर्म के लिए एक दूसरे से लड़ने के लिए नहीं कहा है। भाजपा विधायक राजा सिंह की पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के बाद पुराने शहर में हाल ही में हुए सांप्रदायिक विरोध पर चिंता व्यक्त करते हुए, मंत्री केटीआर ने कहा कि किसी भी धर्म ने अपने नाम पर लड़ने के लिए नहीं बुलाया और यह विवाद करना व्यर्थ है कि किसका भगवान बड़ा है और किसका नहीं। केटीआर ने अफसोस जताया कि देश में आज भी लोग भोजन और पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। समाज कई समस्याओं से जूझ रहा है। दुर्भाग्य से, कुछ लोग धर्म के नाम पर छोटी-छोटी झगड़ों में लिप्त हैं, बजाय इसके कि उन्हें तत्काल आवश्यकता है।




डॉ. बीआर अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई प्रतियोगी परीक्षाओं की अध्ययन सामग्री का शनिवार को विमोचन करने के बाद बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है और यह अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक तत्वों द्वारा लोगों के बीच सांप्रदायिक झड़पें पैदा करने और विकास के रास्ते से ध्यान हटाने की कोशिश की जा रही है।

भारत में एक निर्वाचित सरकार की मौलिक जिम्मेदारी, जो अभी भी तीसरी दुनिया का देश है, जहां अधिकांश आबादी गरीबी रेखा से नीचे है, कमजोर वर्गों की देखभाल करना है। रामा राव ने कहा कि यह सरकार के लिए शर्म की बात है कि अगर कोई भूख से मर जाता है या चिकित्सा देखभाल की कमी होती है या जब कोई शिक्षा और सीखने के अवसर से वंचित हो जाता है।

गरीबों और जरूरतमंदों को चावल, पेंशन, मुफ्त बिजली और शिक्षा जैसे उपायों के साथ सहायता प्रदान करने के प्रयासों को केंद्र सरकार द्वारा 'मुफ्त' करार दिया जा रहा है, जिसने दूसरी ओर 12 लाख करोड़ रुपये के कॉर्पोरेट कर को माफ कर दिया है। आईटी मंत्री के मुताबिक 1987 में भारत और चीन की अर्थव्यवस्था बराबर यानि 470 अरब डॉलर थी, लेकिन अब चीन 16 ट्रिलियन डॉलर और भारत 3 ट्रिलियन डॉलर पर था। चीन भारत की तुलना में जीडीपी के मामले में 5.8 गुना आगे बढ़ा है। हमारा देश अभी भी सांप्रदायिक आधार पर बात कर रहा है, यह तय करने के अलावा कि क्या खाना है और क्या पहनना है।

मंत्री ने कहा कि गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों जैसे वास्तविक मुद्दे हैं और उनके बारे में पूछने के बजाय, इस मुद्दे को हलाल, हिजाब और मुनव्वर फारुकी पर बहस से हटा दिया गया है। यह कहते हुए कि एक बार राजन्ना सिरसिला जिले को तेलंगाना में सबसे पिछड़े क्षेत्र के रूप में नामित किया गया था, केटीआर ने कहा कि कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण और मिशन काकतीया कार्यक्रम के तहत गांव के टैंकों के पुनरुद्धार के साथ, जिले का चेहरा पूरी तरह से बदल गया है और पानी की उपलब्धता में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही पूरे जिले में फसल की खेती का विस्तार किया गया है और यह प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के लिए जल प्रबंधन में एक केस स्टडी बन गया है।

# टीआरएस के शासन में तेलंगाना अंधेरे में : नड्डा



हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज आरोप लगाया कि तेलंगाना राज्य में टीआरएस पार्टी के शासन में अंधेरा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य लाखों करोड़ के कर्ज में डूबा हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना सीएम केसीआर के लिए एटीएम बन गई है।

नड्डा ने हनमाकोंडा के आर्ट्स कॉलेज मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम केसीआर का भ्रष्टाचार दिल्ली तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना, जिसे 40,0000 करोड़ के अनुमान के साथ शुरू किया गया था, बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सत्ता में आएगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम केसीआर राज्य के नए निजाम मीर उस्मान अली खान में बदल गए हैं। लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए नड्डा ने तेलुगु में अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार के तीसरे चरण के समापन समारोह में शामिल होकर खुशी हो रही है।

बंडी संजय की यात्रा का तीसरा चरण संपन्न

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार की प्रजा संग्राम पदयात्रा आज हनमाकोंडा जिले में संपन्न हुई। बंडी संजय भद्रकाली मंदिर पहुंचे और मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। यह यात्रा 22 दिनों तक चली और 11 विधानसभा क्षेत्रों से 300 किलोमीटर की दूरी तय की। तीसरे चरण की पदयात्रा ने पुलिस के बीच काफी तनाव पैदा कर दिया। पदयात्रा के दौरान राज्य में अलग-अलग जगहों पर सत्तारूढ़ टीआरएस कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। यात्रा का तीसरा चरण यादाद्री-भोंगिर जिले में शुरू किया गया था। यात्रा के तीसरे चरण के समापन को चिह्नित करने के लिए भाजपा ने एक जनसभा आयोजित की। जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी सुनील बंसल ने भी हिस्सा लिया।

# मिनी ट्रक ने तेल टैंकर को मारी टक्कर, रिसने लगा पेट्रोल

## पेट्रोल को इकट्ठा करने के लिए बाल्टी, डिब्बे और बोतल के साथ टूट पड़े ग्रामीण

खम्मम, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को जिले के खम्मम ग्रामीण मंडल में एक दुर्घटना के बाद तल्लमपाडु गांव और उसके आसपास के निवासी हिंदुस्तान पेट्रोलियम के तेल टैंकर से रिसने वाले पेट्रोल को इकट्ठा करने के लिए टूट पड़े। पेट्रोल रिसने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मिली सूचना के मुताबिक विपरीत दिशा से आ रहे एक मिनी ट्रक ने तेल टैंकर को टक्कर मार दी, जिससे दाहिनी ओर टैंक में मामूली दरार आ गई और उसके पिछले टायर चपटे हो गए। चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और किनारे पर बैठ गया। घटना में मिनी ट्रक के अगले टायर और एक्सल क्षतिग्रस्त हो गए।

जैसे ही पेट्रोल टैंकर के लीक होने की खबर फैली, गांव के लोग और राहगीर बड़ी संख्या में बाल्टी, डिब्बे और बोतल के साथ मौके पर पहुंचे ताकि जितना हो सके उतना ईंधन लाया जा सके, जबकि कुछ व्यक्ति मोबाइल फोन पर तमाशा को रिकॉर्डिंग करने लगे। टैंकर के चालक ने ईंधन के रिसाव को रोकने की कोशिश की और जनता को टैंकर के करीब न आने की चेतावनी दी, क्योंकि इससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को तितर-बितर किया और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तेल टैंकर को सुरक्षित कर लिया।

# रिश्वत लेते हुए एसीबी ने धरणी संचालक को धर-दबोचा



पेद्दापल्ली, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कलवासरीरामपुर मंडल के धरणी पोर्टल संचालक पोलू कुमारस्वामी को शनिवार को एक किसान से रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। एसीबी पुलिस के मुताबिक कलवासरीरामपुर तहसीलदार कार्यालय में धरणी पोर्टल संचालक के पद पर कार्यरत कुमारस्वामी ने जाफरखानपेट के रपेली संतोष से 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। संतोष ने बैंक से कर्ज लेने के लिए अपनी पांच एकड़ जमीन गिरवी रखने के लिए संचालक से संपर्क किया। कुमारस्वामी ने गिरवी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 10,000 रुपये (2,000 रुपये प्रति एकड़) की मांग की। संतोष ने मामले की जानकारी अपने दोस्त यादगिरि श्रीनिवास को दी, जिन्होंने ऑपरेटर कुमारस्वामी को 7,500 रुपये लेकर प्रक्रिया पूरी करने के लिए मना लिया।

रिश्वत की राशि का भुगतान करने में कोई दिलचस्पी नहीं होने पर, पीड़ित ने एसीबी से संपर्क किया जिसने एक योजना बनाई और संतोष से राशि स्वीकार करते हुए ऑपरेटर को पकड़ लिया। ऑपरेशन में एसीबी डीएसपी बदरैया और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# आज़ादी के 75 साल बाद भी केंद्र सरकार का शासन लोगों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पाया : केसीआर

## सीएम की अध्यक्षता में देशभर के करीब 100 किसान संघों के नेताओं की बैठक हुई

हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। देश के 26 राज्यों से आए किसान संघों के नेताओं का अध्ययन कार्यक्रम कृषि, सिंचाई और बिजली क्षेत्र के विकास और तेलंगाना सरकार द्वारा लागू किसान कल्याण कार्यक्रमों सहित कई क्षेत्रों में हुई प्रगति का जायजा लेने के लिए दूसरे दिन भी जारी है। इस कार्यक्रम के तहत शनिवार सुबह प्रगति भवन पहुंचे किसान संघों के नेताओं ने कृषि, सिंचाई क्षेत्र आदि में तेलंगाना की प्रगति पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री देखी। इस मौके पर तेलंगाना की सभी क्षेत्रों में प्रगति को देख रहे किसान नेताओं ने तालियां बजाकर खुशी जाहिर की। किसान संघों के नेताओं ने कहा कि अगर उनके राज्यों में भी इसी तरह की किसान कल्याण योजनाएं होतीं तो उनका भी काफी विकास होता। किसान नेताओं ने कहा कि सीएम केसीआर न केवल तेलंगाना के बारे में बल्कि उनके राज्यों के किसानों के बारे में भी सोचें। उसके बाद सभी ने प्रगति भवन में



मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। सीएम केसीआर की अध्यक्षता में देशभर के करीब 100 किसान संघों के नेताओं के साथ बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा कि भारत ब्रिटिश शासन की अधीनता से कई संघर्षों के बाद अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की। कोई भी देश और कोई भी समाज जिसने चेतना के साथ स्वतंत्रता प्राप्त की है, अपने स्वशासन में लोगों के विकास के लिए आने वाली पीढ़ियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने देशों के कानून और शासन प्रणाली तैयार करता है। संबंधित समाजों के स्वशासन के प्रारंभिक काल में बुद्धिजीवी नेतृत्व करते हैं। वे अपने लोगों को इस तरह का शासन प्रदान करने के लिए सभी से सहमति लेकर शासन शुरू करते हैं। लेकिन, प्रशासन पहले चरण में सही नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि शासन के अनुभवों और गतिविधियों को संहिताबद्ध करके शासन दो से तीन दशकों में खांचे में 80 प्रतिशत सफल होगा। इस प्रकार उन देश के लोगों के जीवन में गुणात्मक सुधार होगा। विश्व में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास जैसे-जैसे बढ़ेगा, संबंधित समाजों में नए-नए आविष्कार होंगे। जैसे-जैसे तकनीक बढ़ेगी तो शासन में पूर्णता आएगी। हमें किसान और कृषि के कल्याण की दिशा में कदम उठाने होंगे, जो हमारे देश के संसाधनों का उचित उपयोग करके देश के कल्याण को गुणात्मक रूप से विकसित करेगा। तेलंगाना सहित दिल्ली, ओडिशा, गुजरात, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, असम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, पांडिचेरी, दादानगर हवेली और अन्य राज्यों में दशकों से कृषि और किसान कल्याण के लिए संघर्ष कर रहे कई वरिष्ठ किसान संघ नेताओं सहित लगभग 100 लोगों ने इस बैठक में भाग लिया। इस बैठक में सीएम केसीआर के अलावा राज्य रैतू बंधु समिति के अध्यक्ष, एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी, सांसद दिवाकोंडा दामोदर राव, एमएलसी सिरिकोंडा मधुसूदन चारी, विधायक बाल्का सुमन, आशानगरी जीवन रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

# जवाहर नगर में नशा विरोधी जागरूकता रैली निकाली गई





हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मेड्चल मल्काजगिरी जिले के जवाहरनगर नगर निगम में शनिवार को नशा विरोधी जागरूकता रैली निकाली गई। श्री स्वामी नारायण गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल प्रशासन द्वारा आयोजित नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम रैली में मुख्य अतिथि जवाहर नगर निगम महापौर मेकाला काव्या, नगरसेवक जी. रामचंदर, नगरसेवक बंगी लावन्या सतीश गौड़, जवाहर नगर पुलिस के एसआई अनिल कुमार ने भाग लिया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नशा एक व्यक्ति को ही नहीं, पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। इससे परिवार की प्रगति समाप्त हो जाती है। नशे के चपेट में आए लोग आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते है। इसलिए परिवार और देश के विकास के लिए लोगों को नशीले पदार्थो से दूर रहना चाहिए। रैली में भारी सख्या में छात्रों, व्यापारियों, नागरिकों ने भाग लिया। जवाहर के इलाके में रैली में शामिल लोगों ने नशा से दूर रहने का संदेश सभी को दिया।

# जीएचएमसी वितरण करेगी गणेश की 4 लाख मिट्टी की मूर्ति

हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी विनायक चतुर्थी उत्सव के लिए मिट्टी की मूर्तियों का वितरण शनिवार से ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) द्वारा किया जाएगा। उत्सव के दौरान पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों के उपयोग को बढ़ावा देने की पहल के एक हिस्से के रूप में, नागरिक निकाय मिट्टी से बनी लगभग 4 लाख मूर्तियों को वितरित करना है।

# गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज को चिकित्सा उपकरण सौंपा



हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दक्षिणी क्षेत्र-I ने डॉ. बी.आर.के.आर गवर्नमेंट आयुर्वेदिक कॉलेज को 8.76 लाख रुपये का चिकित्सा उपकरण, मशीनरी सौंपी। जीवी राव, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने चिकित्सा उपकरण डॉ. बी.आर.के.आर राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य को सौंपे। कार्यकारी निदेशक (एसआरटीएस-I) राजेश श्रीवास्तव और कॉलेज के वरिष्ठ कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. परमेश्वर नाइक, अतिरिक्त निदेशक और अधीक्षक, प्रो. अनसूया, एसोसिएट प्रो. प्रवीण कुमार और जीएसी के अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# अंज़ानिया की रक्षा मंत्री ने बीडीएल का दौरा किया



हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। संयुक्त गणराज्य तंजानिया की रक्षा मंत्री डॉ. स्टरगोमेना लॉरेंस टैक्स के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) का दौरा किया। मंत्री के साथ तंजानिया सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, तंजानिया से मान्यता प्राप्त भारतीय रक्षा सलाहकार और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधिकारी भी थे। मंत्री को उन उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई जो बीडीएल निर्यात के लिए पेश कर रहा है। कंपनी की विनिर्माण सुविधाओं का प्रदर्शन किया गया।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा (सेवानिवृत्त), सीएमडी, बीडीएल ने व्यक्त किया कि यह यात्रा भारत और तंजानिया के बीच मौजूद रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगी और साथ ही कंपनी के लिए विभिन्न निर्यात आदेशों की प्राप्ति को बढ़ावा देगी। बीडीएल टैंक रोधी निर्देशित मिसाइलें, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, पानी के नीचे के हथियार, काउंटर मेज़र डिस्पेंसिंग सिस्टम, ड्रोन वितरित बम और तंजानिया और अन्य मित्र विदेशी देशों को निर्यात के लिए ड्रोन वितरित मिसाइलों की पेशकश कर रहा है।

अपनी यात्रा के दौरान, पी. राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन), बीडीएल नेमंत्री का स्वागत किया। एन. श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त), डॉ उपेंद्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल और बीडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अन्य रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी उद्योग और स्टार्ट-अप द्वारा उत्पादों और उपकरणों का प्रदर्शन भी बीडीएल में आयोजित किया गया था।

# सीएम के नेतृत्व में राज्य ने कल्याणकारी कार्यक्रमों में मिसाल कायम की : महमूद अली



हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के गृहमंत्री मोहम्मद महमूद अली ने कहा कि मुख्यमंत्री केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना ने राज्य के विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में एक मिसाल कायम की है। शनिवार को एसआरडीपी योजना के माध्यम से 45.87 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के गृह मंत्री मोहम्मद महबूब अली ने चंद्रयानगुट्टा विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी और उप महापौर श्रीलता शोभन रेड्डी के साथ चंद्रयानगुट्टा विस्तार फ्लाईओवर पुल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ने कहा कि जीएचएमसी क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था में सुधार के लिए एसआरडीपी द्वारा 47 कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च यातायात वाले क्षेत्रों में फ्लाईओवर, आरओबी और आरयूबी को लिया गया है और सिग्नल मुक्त शहर के रूप में विकसित किया गया है। कोई भी भूखा न रहे मुख्यमंत्री के इस संकल्प के साथ गरीबों को 5 रुपए में अन्नपूर्णा भोजन 150 केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन प्रतिदिन 45 हजार लोगों को भोजन प्रदान किया जा रहा है।

# पेद्दाम्मा मंदिर पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए रेवंत रेड्डी के खिलाफ शिकायत

हैदराबाद, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स के पूर्व विधायक पी. विष्णुवर्धन रेड्डी ने शनिवार को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि रेवंत रेड्डी ने जुबली हिल्स में प्रतिष्ठित पेद्दाम्मा मंदिर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसमें कहा गया था कि हाल ही में इसके परिसर में बलात्कार की घटना हुई थी। बंजारा हिल्स के सहायक पुलिस आयुक्त को अपनी शिकायत में श्री रेड्डी, जो मंदिर के अध्यक्ष और संस्थापक ट्रस्टी भी हैं, ने कहा कि कांग्रेस नेता की टिप्पणी बेतुकी और निराधार है और उन्होंने इसके लिए उनके खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया।

# बदमाशों ने जेल अधिकारी के घर में लगाई आग

खम्मम, 27 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के सतुपल्ली उप जेलर के. हनुमंत राव के आवासीय क्वार्टर में अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दी है, जिससे जिले के सथुपल्ली शहर में संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। घटना गुरुवार की देर रात की बताई जा रही है, जो देर रात सामने आई। बताया गया कि जेल अधिकारी मंगलवार को अपनी बीमार मां के चिकित्सकीय परामर्श के लिए हैदराबाद गया है।

बदमाशों ने क्वार्टर में तोड़फोड़ की, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, फर्नीचर और अन्य घरेलू सामानों में आग लगा दी। शुक्रवार की सुबह हनुमंत राव के क्वार्टर से आसपास के क्वार्टर में रहने वाले कुछ कांस्टेबलों ने धुआं निकलते देखा तो उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। शुक्रवार की रात घर लौटे डिप्टी जेलर ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिन्होंने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना में करीब दो लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान बताया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह कृत्य चोरों द्वारा किया गया था या जेल अधिकारी के प्रति द्वेष रखने वाले व्यक्तियों द्वारा किया गया था। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि क्वार्टर से कोई कीमती सामान चोरी हुआ है या नहीं।

|| श्री आई मात्रे नमः || || श्री गणेशाय नमः || || श्री खेतलाजी भैरवाय नमः ||

सस्नेह निमंत्रण... पधारजो सा...

सी र वी समाज (तेलंगाना) कोरेमुला, हैदराबाद

के तत्वाधान में

भादवा सुदी बीज के उपलक्ष्य में

श्री आई माताजी का 607वाँ अवतरण दिवस एवं 8वाँ वार्षिक सम्मेलन

शुभस्थल : श्री आई माताजी का मंदिर (बडेर) कोरेमुला, घटकेसर, मेड्चल (तेलंगाना)

भादवा सुदी एकम, रविवार दि.28-8-2022

दोपहर 3:15 से रात्रि 8:30 बजे तक - सांस्कृतिक कार्यक्रम

रात्रि 9:11 बजे से - भजन जागरण (भजन गायक : श्री राधेश्यामजी खत्री एण्ड पार्टी)

मध्य रात्रि बेला - बोलियों का कार्यक्रम

भादवा सुदी बीज, सोमवार दि.29-8-2022

प्रात: 9:15 बजे - गणेश वंदना एवं आई माताजी की पूजा अर्चना

श्री आई माताजी की पूर्ण आरती

प्रात: 10:15 बजे से - मंचीय कार्यक्रम, आम सभा, अध्यक्ष सम्बोधन,

सचिव द्वारा समाज गत वर्ष के कार्यों का कार्यविवरण, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण,

बाहर से पधारे हुए अतिथियों का स्वागत, सभी के लिए भोजन प्रसादी


सभी स्वजातीय बन्धुओं से निवेदन है कि सोमवार दि.29 अगस्त 2022 को अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम में अवश्य पधारकर श्री आई माताजी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

निवेदक : सी र वी समाज कार्यकारिणी समिति, कोरेमुला

अध्यक्ष : कालुराम काग फोन : 8555005775

अवश्य पधारिए

सचिव : डायाराम लचेटा फोन : 9985059622





# यूपीआई सेवाओं पर शुल्क लगाने का अभी सही समय नहीं, वित्त मंत्री बोलीं- इससे हो रहा जनता का भला



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को मुफ्त बनाए रखने के सरकार के रुख को दोहराया है। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा है कि सरकार का यह मानना है कि डिजिटल भुगतान प्रणाली से आम लोगों को सहूलियत मिल रहा है, इससे जनता का भलाई हो रहा है इसलिए यह जरूरी है कि यह सेवा आम लोगों को मुफ्त में मिलती रहे। वित्त मंत्री ने कहा हम डिजिटल भुगतान को सार्वजनिक हित के रूप में देखते हैं। लोगों को इन सुविधाओं का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण उनके लिए आकर्षक बना रहे।निर्मला सीतारमण ने कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हम डिजिटलीकरण के माध्यम से उच्च स्तर की पारदर्शिता हासिल करना चाहते हैं। इसलिए, हमें लगता है कि अभी यूपीआई सेवाओं के लिए शुल्क लेने का उचित समय नहीं आया है। वित्त मंत्री की टिप्पणी वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किए जाने के कुछ ही दिनों बाद आई है कि यूपीआई पर कोई शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है।

# मुकेश अंबानी ने खरीदा दुबई का अब तक का सबसे महंगा घर



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। मुकेश अंबानी ने दुबई की अब तक की सबसे महंगी प्रॉपर्टी खरीदी है। खबर है कि अंबानी फैमिली ने दुबई में समुद्र के किनारे एक आलीशान विला खरीदा है। इसकी कीमत तकरीबन 80 मिलियन डॉलर की कीमत बताई जा रही है। रॉयटर्स की खबर के मुताबिक, इसे दुबई शहर का अब तक का सबसे बड़ा आवासीय संपत्ति डील बताया जा रहा है। हालांकि, अंबानी की तरफ से दुबई संपत्ति डील को अभी सीक्रेट ही रखा गया है। इस पर कोई ऑफिशियल बयान जारी नहीं की गई है। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह आलीशान प्रापर्टी इस साल की शुरुआत में अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी के लिए खरीदी गई है। समुद्र तट के किनारे यह हवेली हथेली आकार में है। यह द्वीपसमूह के उत्तरी भाग में स्थित है और इसमें 10 बेडरूम, एक पर्सनल स्पा और इनडोर और आउटडोर पूल हैं। बता दें कि यहीं पर ब्रिटिश फुटबॉलर डेविड बेकहम अपनी पत्नी विक्टोरिया और बॉलीवुड मेगा स्टार शाहरुख का भी प्रॉपर्टी है। यानी अनंत अंबानी अब इनके नए पड़ोसी होंगे। बता दें कि दुबई अल्ट्रा-रिच के लिए एक पसंदीदा बाजार के रूप में उभर रहा है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, अनंत अंबानी की 93.3 अरब डॉलर है। आपको बता दें कि अनंत मुकेश अंबानी छोटे बेटे हैं। दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी अब 65 साल के हो गए हैं। ऐसे में वे धीरे-धीरे अपने बच्चों को बागडोर सौंप रहे हैं।

## आरबीआई: रुपया सहकारी बैंक 22 सितंबर से बंद करेगा कारोबार

### आरबीआई ने इस कारण रद्द किया लाइसेंस

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पुणे स्थित रुपया सहकारी बैंक लिमिटेड अपना बैंकिंग बिजनेस आने वाले 22 सितंबर से बंद कर देगा।

बता दें कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आठ अगस्त 2022 की तारीख में आदेश जारी कर रुपी सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया था। रिजर्व बैंक की ओर से यह कार्रवाई हाईकोर्ट के 12 सितंबर 2022 के उस आदेश के बाद की गई है।

10 अगस्त को जारी आरबीआई की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह इस तिथि के छह हफ्तों के बाद लागू होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में खरगोश बने बड़ी आपदा: इंग्लैंड से 150 साल पहले मिले थे 24 खरगोश, 1600 करोड़ का हर साल कर रहे



ये खरगोश फसलों और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं

कैनबर्रा, 27 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में खरगोशों की तादाद करीब 20 करोड़ के आसपास हो गई है। जो देश के लिए एक नई आपदा बन गए हैं। दरअसल, खरगोश ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय जीव नहीं हैं। इन्हें वहां इनवेसिव स्पीशिज माना जाता है। इन खरगोशों के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने की कहानी बड़ी दिलचस्प है। यह बात है 1859 की। 25 दिसंबर क्रिसमस में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न बंदरगाह पर इंग्लैंड से एक जहाज आया। इसमें थॉमस ऑस्टिन नाम के एक व्यक्ति के लिए क्रिसमस के तोहफे में 24 खरगोश आए थे। ऑस्टिन इंग्लैंड के रहने वाले थे और मेलबर्न आकर बस गए थे। वे अपने कंपाउंड में बहुत सारे खरगोश पालना चाहते थे। लिहाजा उनके भाई ने इंग्लैंड से यूरोपीय खरगोश उपहार में भेजे थे। इसमें जंगली और पालतू दोनों तरह के खरगोश थे। ऑस्टिन की चाहत पूरी हुई। इन खरगोशों से 3 साल में हजारों खरगोश पैदा हुए। अब ये खरगोश फसलों और स्थानीय पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में बेहिसाब जनसंख्या बायोलॉजिकल इनवेजन की सबसे विनाशकारी मिसालों में से एक है। इसे बाहर से लाए गए स्तनधारी जीवों का सबसे तेज रफ्तार से हुआ कोलोनाइजेशन माना जाता है। इससे ऑस्ट्रेलिया को सालाना करीब 1,600 करोड़ रुपए का कृषि-संबंधी नुकसान होता है। हाल ही में हुए शोध में सामने आया कि ऑस्टिन को भेजे गए खरगोशों को मेलबर्न पहुंचने में जहाज में 80 दिन लगे थे।

## '2030 तक हमारी 50% बिजली की जरूरत गैर-जीवाश्म स्रोतों से होगी पूरी'

### भारत ने यूएन को दी जानकारी



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की दिशा में भारत ने अपने लक्ष्यों के बारे में संयुक्त राष्ट्र को सूचना दी है। भारत की ओर से कहा गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के तहत भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से लगभग 50 प्रतिशत संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा भारत अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करेगा। भारत की ओर से कहा गया है कि वह 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करेगा। संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) वेबसाइट पर अपलोड किए गए दस्तावेज में कहा गया है कि ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ) सहित प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और कम लागत वाले अंतरराष्ट्रीय वित्त की मदद से दूसरा मात्रात्मक लक्ष्य लागू किया जाएगा। एनडीसी का अर्थ है राष्ट्रीय योजनाएं और किसी देश द्वारा पूर्व-औद्योगिक स्तरों से ऊपर 2 डिग्री सेल्सियस तक वैश्विक तापमान वृद्धि को बनाए रखने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए की गई प्रतिज्ञा। जबकि जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचने के लिए 1.5 डिग्री सेल्सियस का लक्ष्य है।

## नितिन गडकरी ने उठाया स्थानीय निकाय के कामकाज में गुणवत्ता की कमी का मुद्दा,बोले- सुधार जरूरी



मुंबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को स्थानीय स्वशासित निकायों के कामकाज में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लाने के मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इससे पैसों की बचत होगी और गुणवत्ता में सुधार होगा। अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासित निकाय संस्थान के दीक्षांत समारोह में गडकरी ने कहा कि भविष्य में तकनीक और शिक्षा के बीच सामंजस्य बिठाने की जरूरत होगी। उन्होंने निकाय प्रशासन के काम करने के तरीके और गुणवत्ता की कमी के मुद्दे को उठाया। गडकरी ने कहा कि काम में तकनीकी योग्यता में सुधार बेहद जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने नगर निकाय कार्यों के लिए रखे गए प्रबंधन सलाहकारों द्वारा बनाई गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में सुधार की वकालत की। उन्होंने निकाय प्रशासकों से ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन पर काम करने, वृक्ष बैंक बनाने और 'कचरे से पैसे कमाने' के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान किया।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री बोले- केजरीवाल का शिक्षा मॉडल खोखला और बनावटी, दिल्ली के स्कूलों का रिजल्ट गिरा



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल को खोखला बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों का 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम काफी नीचे चला गया है। धर्मेंद्र प्रधान एक निजी टीवी चैनल के शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि क्या देश के राष्ट्रपति की पोती व गरीब परिवार की बच्ची की फीस एक हो सकती है। अलग-अलग होनी चाहिए। जो सक्षम है, उसे अदा करना चाहिए और जो नहीं दे सकता उसकी चिंता सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने आगे एक सवाल के जवाब में कहा कि यदि आबकारी नीति की चोरी से बचने के लिए न्यूयार्क टाइम्स दिखाकर बचना चाहते हैं तो भविष्य जनता तय करेगी। सीयूईटी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों को स्वीकार करते हुए शिक्षामंत्री ने कहा कि इस साल परीक्षा आयोजित करने में कुछ समस्याएं हुई हैं और मैं इसकी जिम्मेदारी ले रहा हूं। उन्होंने कहा, आगे इस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

सरकार इस परीक्षा को लागू करने में आ रही चुनौतियों पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा, सीयूईटी के कार्यान्वयन में बहुत सारे मुद्दों का सामना करना पड़ा। सितंबर तक सभी प्रकार की प्रवेश परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी।


फिर इस पर गौर करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, नई शिक्षा नीति का प्रयास है, छात्र आत्मविश्वासी हों, पाठ्यक्रम कम बोझ वाले हों और परीक्षा खुशनुमा हो। तभी बच्चों का भविष्य सुधर सकता है।

## 70 साल की बुजुर्ग महिला को ट्रेन में अपर बर्थ अलॉट

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। बुजुर्ग पैसेंजर के लिए ट्रेन में सफर करना आसान नहीं होता है। अगर बुजुर्ग पैसेंजर को ट्रेन में अपर बर्थ अलॉट हो जाए तो मुश्किलें बढ़ जाती हैं। ऐसी ही मुश्किल का सामना करने पर एक ट्विटर यूजर ने आईआरसीटीसी की तीखी आलोचना की है। इसके साथ ही ट्विटर यूजर ने आईआरसीटीसी से पूछा कि वरिष्ठ नागरिकों को बर्थ अलॉट करने के लिए किस तरह के सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्विटर यूजर ने लिखा- मेरे परिवार की दो बुजुर्ग महिलाएं, मां और दादी को अपर बर्थ अलॉट हुआ है। जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई है।

## देश की इकोनॉमी के लिए बुरी खबर

### 2 साल के निचले स्तर पर आया विदेशी मुद्रा भंडार



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 19 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.687 अरब डॉलर घटकर 564.053 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 12 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 2.238 करोड़ डॉलर की गिरावट आई थी और यह घटकर 570.74 अरब डॉलर पर आ गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट का मुख्य कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) और स्वर्ण भंडार का कम होना है। साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक, सप्ताह में एफसीए 5.77 अरब डॉलर घटकर 501.216 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह, स्वर्ण भंडार का मूल्य 70.4 करोड़ डॉलर घटकर 39.914 अरब डॉलर रह गया। इस सप्ताह में, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 14.6 करोड़ डॉलर घटकर 17.987 अरब डॉलर पर आ गया।

वहीं, आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार भी 5.8 करोड़ डॉलर गिरकर 4.936 अरब डॉलर रह गया।

# एस्सार समूह बेचेगा अपना पोर्ट कारोबार 19,000 करोड़ रुपये की है यह डील




नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। एस्सार समूह ने शुक्रवार को आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील लिमिटेड को अपने कुछ बंदरगाहों और बिजली बुनियादी ढांचा बेचने के लिए एक सौदे की घोषणा की। यह सौदा 2.4 अरब डॉलर (19,000 करोड़ रुपये) में हुआ है। यह भारत में महामारी के बाद हुए बड़े विलय और अधिग्रहण सौदों में एक है। एस्सार ने एक बयान में कहा कि उसने कुछ बंदरगाहों और बिजली बुनियादी ढांचे की परिसंपत्तियों को बेचने के लिए आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। ये परिसंपत्तियां मुख्य रूप से हजीरा इस्पात संयंत्र के परिचालन से संबंधित हैं। बयान में कहा गया, ''इस सौदे में गुजरात के हजीरा में 10 लाख टन सालाना एलएनजी टर्मिनल बनाने के लिए एस्सार और आर्सेलर मित्तल के बीच 50-50 प्रतिशत के संयुक्त उद्यम साझेदारी की भी व्यवस्था है।''बयान में अधिक विवरण दिए बिना सिर्फ कुछ बंदरगाहों और बिजली अवसंरचना के बारे में बताया गया, जो मुख्य रूप से हजीरा इस्पात संयंत्र के संचालन से जुड़े थे। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील (एएम/एनएस) ने 2018-19 में इस इस्पात संयंत्र का अधिग्रहण किया था। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील ने एक अलग बयान में कहा कि इस सौदे में गुजरात, आंध्र प्रदेश और ओडिशा स्थित बंदरगाह संपत्तियों के साथ ही हजीरा में दो बिजली संयंत्र और एक बिजली पारेषण लाइन शामिल हैं। कंपनी ने 2018-19 में दिवालियापन की कार्यवाही में एस्सार स्टील का लगभग 42,000 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया था। हालांकि, बाद में यह मामला अदालत में चला गया। इस बारे में अब दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

# चीन के रियल एस्टेट सेक्टर के संकट में 'संकटमोचक' बने फंड्स खुद मुश्किल में फंसे



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। चीन का रियल एस्टेट सेक्टर कर्ज में डूबा हुआ है। इसी बीच चीन के बैड-डेट मैनेजर जिन्हें सिर्फ छह महीने पहले ढहते रियल एस्टेट सेक्टर के लिए व्हाइट नाइट यानी संकटमोचक के रूप में देखा जा रहा था, वे अब स्वयं इस संकट का हिस्सा बन गए हैं। इस मामले से जुड़े एक्सपर्ट्स का कहना है कि दरअसल, सेक्टर के उछाल के वर्षों के दौरान संकट से जूझ रहे डेवलपर्स को फंड्स द्वारा भारी मात्रा में उधार दिया गया। इसकी वजह से 730 अरब डॉलर के फंड पर भारी क्रेडिट नुकसान का साया मंडरा रहा है। जिसकी वजह से सेक्टर के बॉन्ड लड़खड़ा गए हैं।

इस वजह से चीन को रियल एस्टेट सेक्टर को संभालने के लिए प्रारंभिक योजना बनाने पर मजबूर होना पड़ा है।इस साल रियल एस्टेट संकट गहराने के कारण चीन के चार सबसे बड़े लोन मैनजर्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इसका अर्थ है कि जब तक वे अपने स्वयं के पैसे प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उनके द्वारा इस क्षेत्र को बचाने की संभावना नहीं है। एसेट मैनेजमेंट कंपनियों या एएमसी की रक्षक की भूमिका होती है, जिन्हें एशियाई वित्तीय संकट के मद्देनजर संकट से बचाने के लिए स्थापित किया गया था क्योंकि उस समय चीनी बैंक पतन के कगार पर थे।इस बारे में लेखक विक्टर शीह ने कहा कि इस बार चीन के प्रॉपर्टी बाजार को बचाने के लिए फंड्स, रक्षक की भूमिका नहीं निभा सकते हैं। फंड्स की अपनी बैलेंस शीट पहले से ही खराब कर्ज से इतनी दबी हुई है कि उनके पास कर्ज को और अधिक पचाने की क्षमता नहीं है। हाल ही में रेग्युलेटर्स, एएमसी को इस संकट के समाधान के रूप में देख रहे थे।

कमजोर डेवलपर्स के पुनर्गठन, रुके हुए प्रॉपर्टी प्रोजेक्ट्स को खरीदने और अप्रिय लोन खरीदने में मदद करने के लिए हुआरोंग और चाइना सिंडा एसेट मैनेजमेंट कंपनी को बुला रहे थे।

# मीशो ने भारत में बंद किया अपना किराना कारोबार

## कर्मचारियों की नौकरी पर आई मुसीबत, कई निकाले गए



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। घरेलू सोशल कॉमर्स कंपनी मीशो ने कथित तौर पर भारत में अपना किराना कारोबार बंद कर दिया है। मीशो सुपरस्टोर के बंद होने के बाद लगभग 300 मीशो कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने अपने किराना कारोबार को भारत के 90 प्रतिशत से अधिक शहरों (नागपुर और मैसूर को छोड़कर) में बंद कर दिया गया है।

इसके चलते कई लोगों की नौकरी चली गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मीशो सुपरस्टोर के बंद होने के बाद लगभग 300 मीशो कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मीशो ने नौकरी से निकाले गए लोगों को दो महीने का वेतन देने की बात कही है। हालांकि, कंपनी की तरफ से अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

अप्रैल में, मीशो ने फ़ार्मिसो को सुपरस्टोर में रीब्रांड किया था। जिसका उद्देश्य टियर 2 बाजारों और उससे आगे के डेली आवश्यक वस्तुओं की कंज्यूमर डिमांड को पूरा करना था। उसी महीने, कंपनी ने 150 से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया, जिनमें से ज्यादातर फ़ार्मिसो से थे। सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने पहले महामारी की पहली लहर में 200 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की थी।

ज्यादातर शहरों में परिचालन बंद करने के स्टार्टअप के फैसले के पीछे कम रेवेन्यू और लिक्विडिटी की कमी है। मीशो सुपरस्टोर छह राज्यों - कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चालू था। बता दें कि मीशो के संस्थापक और सीईओ विदित आत्रे ने कहा था कि कंपनी मीशो सुपरस्टोर को अपने मुख्य ऐप के साथ एकीकृत करना चाहती है। ऑनलाइन किराने की खरीदारी को किफायती बनाने के लिए मीशो ने कर्नाटक में एक पायलट लॉन्च किया था और कंपनी का लक्ष्य 2022 के अंत तक 12 राज्यों में सुपरस्टोर उपलब्ध कराना था। मीशो हाल ही में 10 करोड़ ट्रांजैक्शन करने वाले यूजर्स तक पहुंच गया है। कंपनी ने दावा किया कि मार्च 2021 के बाद से प्लेटफॉर्म पर लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता आधार में 5.5 गुना वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि के दौरान वर्गीकरण 9X से बढ़कर 72 मिलियन हो गया है।

# 1 सितंबर से बदल जाएंगे एलपीजी-सीएनजी के दाम आएगी तेजी या घटेगी कीमत, कैसे तय होता है प्राइस?



नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। हर महीने की शुरुआत में ईंधन कंपनियां प्रोडक्ट्स के नए रेट जारी करती हैं। कंपनियां कई बार कीमतें बढ़ाती हैं तो कई बार घटाती भी हैं। अगस्त की पहली तारीख को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर (19 किलोग्राम) की कीमत में 36 रुपये की कमी की थी। इससे घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष तौर पर कोई लाभ नहीं मिला था। घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत दिल्ली में फिलहाल 1,053 रुपये है। बता दें कि जुलाई में इसकी कीमत दिल्ली में इतनी ही थी। एलपीजी की कीमत क्रूड ऑयल की कीमत के साथ-साथ कई अन्य कारकों पर निर्भर करती है। कुछ यही हाल सीएनजी का भी है। सीएनजी में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण कारचालकों का बजट पूरी तरह लड़खड़ा गया था। कीमतों में इतनी वृद्धि हुई की टैक्सी सर्विसेज को अपना मिनिमम भाड़ा बढ़ाना पड़ा और उससे भी आम आदमी की जेब पर बोझ पड़ा। दिल्ली में प्रति किलो सीएनजी की कीमत फिलहाल 75।61 रुपये (आईजीएल), 80 रुपये (एमजीएल) और 83।9 रुपये (अडानी गैस) है। जैसा की हमने आपको बताया कि एलपीजी और सीएनजी की कीमतें कई कारकों पर निर्भर करती हैं। जिनमें से सबसे बड़ा फैक्टर है क्रूड ऑयल प्राइस। ब्रेंट क्रूड की कमतों में कुछ तेजी देखने को मिली है और फिलहाल यह 99।80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। हालांकि, ये अब भी 100 डॉलर के आस-पास ही बना हुआ है। इसलिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा दाम घटाए जाने की गुंजाइश फिलहाल नहीं दिख रही है। घरेलू एलपीजी के दामों में पिछले 2 महीने से कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है इसलिए यह थोड़ी वृद्धि देखने को मिल सकती है। बात करें सीएनजी की तो कंपनियों ने पिछले कुछ महीने लगातार इसके दाम बढ़ाए हैं। इसमें कमी या वृद्धि दोनों के ही आसार कम नजर आ रहे हैं। संभव है कि सीएनजी की कीमतें इसी स्तर पर बनी रहें। एलपीजी की कीमत तय करने के लिए इंपोर्ट पैरिटी प्राइज का फॉर्मूला यूज किया जाता है। इसमें क्रूड ऑयल की कीमत, समुद्री भाड़ा, इंश्योरेंस, कस्टम ड्यूटी, बंदरगाह का खर्च, डॉलर से रुपये का एक्सचेंज, माल ढुलाई, तेल कंपनी का मार्जिन, बॉटलिंग लागत, मार्केटिंग खर्च डीलर कमीशन व जीएसटी शामिल होता है। लगभग यही कारक सीएनजी की कीमतों को भी प्रभावित करते हैं।

इसमें एक बड़ा अंतर यह होता है कि सीएनजी क्रूड ऑयल से नहीं बनाई जाती बल्कि नैचुरल गैस से बनाई जाती है। इसलिए सीएनजी की कीमतों पर नैचुरल गैस का प्रभाव पड़ता है। भारत अपने जरुरत की आधा से ज्यादा नैचुरल गैस आयात करता है।

# भ्रष्ट इंजीनियर के घर में रुपयों की खदान

**बिहार के भ्रष्ट इंजीनियर संजय राय के ठिकानों पर निगरानी टीम की छापेमारी में करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। इतना ज्यादा कैश देखकर रेड करने अधिकारी भी एक बार चौंक गए।**

## छापेमारी में मिला इतना ज्यादा कैश कि देखकर आंखें चौंधिया जाएंगी



पटना, 27 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग में तैनात एक कार्यपालक इंजीनियर के घर से करोड़ों का कैश बरामद हुआ है। निगरानी टीम ने कार्यपालक इंजीनियर संजय कुमार राय के किशनगंज और पटना स्थित ठिकानों पर शनिवार को छापेमारी की। इस दौरान घर से करीब 5 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। इसके अलावा भारी मात्रा में गहने और अन्य कीमती सामान भी मिलने की संभावना है। नोटों की गिनती जारी है।

निगरानी टीम ने भ्रष्ट इंजीनियर संजय राय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। शनिवार को उसके किशनगंज और पटना के दानापुर स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की गई। संजय राय किशनगंज प्रभाग में तैनात है। घर से इतनी ज्यादा मात्रा में नोट देखकर एकबार तो निगरानी टीम के अधिकारी भी चौंक गए।

बरामद की गई राशि करीब 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि नोटों की पूरी गिनती होने के बाद ही सटीक राशि के बारे में पता चल पाएगा। किशनगंज में संजय राय के आवास पर निगरानी के 14 अधिकारी मौजूद हैं।

छापेमारी की यह कार्रवाई डीएसपी अरुण पासवान के नेतृत्व में की गई। कार्यपालक इंजीनियर संजय राय के कैशियर खुर्रम सुल्तान, निजी इंजीनियर ओम प्रकाश यादव के यहां भी कैश मिला है, जिसकी गिनती जारी है। डीएसपी ने बताया कि भारी मात्रा में कैश मिला है, मशीन से गिनती जारी है। अब तक 2 करोड़ से अधिक की गिनती हो चुकी है। किशनगंज शहर के रुईधासा और लाइन स्थित किराए के मकान पर एक साथ टीम ने छापेमारी की। इंजीनियर के खिलाफ कुछ दिन पहले केस दर्ज किया गया था।

# तेजस्वी की तरफ बढ़ रही सीबीआई!

## डिप्टी सीएम का आरोप-नई सरकार की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही

पटना, 27 अगस्त (एजेंसियां)। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई की दबिश लालू प्रसाद के वैसे करीबियों पर तेज है जो उनकी पार्टी के लिए खास माने जाते हैं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को सीबीआई को खूब निशाने पर लिया। काफी नसीहतें दीं। तेजस्वी ने जिस तरह से बिना नाम लिए केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय को निशाने पर लिया और ठंडा देने की धमकी दी उससे साफ है कि अब यह लड़ाई आर-पार वाली होने वाली है। तेजस्वी सीबीआई को चुनौती और चेतावनी दोनों दे रहे हैं। वे नीतीश कुमार का साथ पाने के बाद भाजपा पर ज्यादा मुखर हैं। अब यह माना जा रहा है कि सीबीआई के निशाने पर लालू प्रसाद से ज्यादा तेजस्वी आने वाले हैं। राजद के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने भी एक दिन पहले ये बातें कहीं कि अब निशाने पर लालू यादव नहीं तेजस्वी यादव हैं।

**छवि खराब करने का आरोप**



तेजस्वी ने सीबीआई को चुनौती देते हुए कहा है कि उनलोगों के हाथ कुछ भी नहीं आने वाला है। तेजस्वी ने छवि खराब करने का आरोप भी लगाया।

दरअसल सुनील कुमार सिंह, अशफाक करीम, फैयाज अहमद और सुबोध राय के आवास पर उस दिन छापेमारी की गई जिस दिन नीतीश-तेजस्वी की नई सरकार का फ्लोर टेस्ट विधान सभा में था। इससे आशंका यह हुई कि नई सरकार की छवि खराब करने के लिए ही यह सब किया जा रहा है।

राजद का आरोप है कि सीबीआई जैसी एजेंसी का राजनीति में इस्तेमाल केन्द्र की भाजपा सरकार कर रही है। भाजपा को बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने मिलकर सत्ता से बाहर कर विपक्ष में बैठा दिया है। ऐसी राजनीति से बिहार का

**विकास प्रभावित हो रहा- ध्रुव कुमार**

राजनीतिक विश्लेषक ध्रुव कुमार कहते हैं कि जो लोग सत्ता में हैं उन्हें राज्य हित में काम करना चाहिए। विपक्ष को जनता के मुद्दे उठाने चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ जो एजेंसियां काम कर रही हैं उनको अपना काम करना चाहिए। लेकिन बिहार की राजनीति आरोप-प्रत्यारोप में उलझ रही है। इससे राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है। इस तरह की राजनीति से राज्य और देश का भला नहीं हो सकता। राजनीति मुद्दे से भटक रही है। यह बात राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी सरकार बनने से पहले कहते रहे कि नीतीश कुमार भाजपा को छोड़ कर राजद के साथ नहीं आएंगे क्योंकि उन्हें डर है कि भाजपा सीबीआई से कार्रवाई करवा सकती है।

# ट्रक से 3 क्विंटल गांजा बरामद

## प्लाई से लदे ट्रक में छिपाकर असम से लाया जा रहा था गांजा, ड्राइवर और खलासी अरेस्ट



भागलपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)। भागलपुर के नवगछिया पुलिस जिला में पुलिस को बडी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शुक्रवार की रात एक ट्रक से भारी मात्रा में गंजा बरामद किया है। साथ ही ट्रक ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रंगरा ओपी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि असम से एक ट्रक में भारी मात्रा में गांजा की खेप नवगछिया होकर गुजरने वाली है। इसको लेकर रंगरा पुलिस ने चापर ढाला के एनएच 31 पर वाहन जांच शुरू किया। जिस ट्रक में गंजा था, वाहन चेकिंग देखते ही ड्राइवर ने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक जांच करने पर करीब तीन क्विंटल गांजा बरामद किया। ड्राइवर से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं नवगछिया के एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि शनिवार को आज मजिस्ट्रेट समक्ष गांजा की वजह माप तोल किया जाएगा और रंगरा ओपी में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज कराई गई है और पुलिस गांजा तस्करी से जुड़े लोगों की तलाश में जुट गई है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- मोदीराज में भारत को लेकर विश्व की सोच में परिवर्तन हो रहा है



लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में भारत को लेकर दुनिया के दूसरे देशों की सोच बदली है। हमारी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता बढ़ी है। मैं अलग-अलग देशों की यात्रा पर जाता हूं और लोगों से बात करता हूं। मैं महसूस करता हूं कि अब भारत को लेकर विश्व की सोच बदल रही है।

उन्होंने कहा कि पहले वैश्विक मंचों पर हमारी आवाज को गंभीरता से नहीं लिया जाता था पर अब जब भारत बोलता है तो पूरी दुनिया सुनती है और बहुत गंभीरता से सुनती है। यह आज के भारत की ताकत है। राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी की भी सराहना की और कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जिस तरह से यहां विकास का कार्य किया और कानून-व्यवस्था बनाया है उसकी जितनी में प्रशंसा की जाए वह कम है।

# निर्मल चौधरी बने राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यक्ष

## तीन बार से निर्दलीय का कब्जा



जयपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान यूनिवर्सिटी से निर्दलीय उम्मीदवार निर्मल चौधरी ने छात्रसंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया है। विजेता की घोषणा होते ही निर्मल चौधरी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। यूनिवर्सिटी के गेट के बाहर खड़े छात्र-छात्राओं ने निर्मल चौधरी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। वहीं, निहारिका जोरवाल दूसरे नंबर पर रहीं। तीसरे नंबर पर एनएसयूआई की उम्मीदवार रितु बराला और चौथे नंबर पर एबीवीपी के नरेंद्र यादव रहे। निर्मल चौधरी ने एबीवीपी और एनएसयूआई को पीछे छोड़कर अपनी शानदार जीत दर्ज की। बता दें, मतगणना के दौरान एनएसयूआई की बागी और निर्दलीय उम्मीदवार निहारिका जोरवाल सबसे आगे चल रही थीं।

# सपा दमदार नेताओं को देगी अहम जिम्मेदारी

लखनऊ, 27 अगस्त (एजेंसियां)। सपा ने हर स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी उत्पीड़न की घटनाओं पर सरकार को जोरदार तरीके से घेरने की रणनीति के साथ ही सदस्यता अभियान में दमदारी दिखाने वाले नेताओं पर भी निगाह रख रही है। अक्तूबर में होने वाले सम्मेलन में इसी आधार पर विभिन्न इकाइयों के नए प्रदेश अध्यक्षों के साथ अन्य पदाधिकारियों का चयन होगा। निरंतर सक्रिय रहने वाले नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी।

विधान सभा चुनाव में पार्टी का वोटबैंक 30 फीसदी से ऊपर पहुंचने से उत्साहित रणनीतिकार इसे सहेजे रखने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। यही वजह है कि सदस्यता अभियान चलाने के लिए वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। ये प्रभारी ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के साथ ही क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले नेताओं को चिह्नित भी कर रहे हैं। भाजपा सरकार को घेरने में सक्रिय रहने वाले नेताओं



पर शीर्ष नेतृत्व नजर भी रख रहा है। इसलिए माना जा रहा है कि संगठन में इन्हें अहम जिम्मेदारी मिलना तय है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि भाजपा सरकार हर स्तर पर समाजवादियों को कुचलने की साजिश रच रही है, लेकिन कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। पार्टी का हर कार्यकर्ता और नेता क्षेत्र में डटा है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का कहना है कि सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वालों को पार्टी भी तवज्जो देगी।

**हर घटना की जांच करेगा प्रतिनिधिमंडल**

पार्टी ने तय किया है कि कहीं भी उत्पीड़न की घटना सामने आती है तो पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मौके पर जांच कर रिपोर्ट तैयार करेगा। इस रिपोर्ट के आधार पर संबंधित जिले के साथ ही आसपास के जिले के नेता भाजपा पर हमला बोलेंगे। विधान सभा सत्र शुरू होने पर संबंधित रिपोर्ट के आधार पर मामलों को सदन में रखा जाएगा। इसी रणनीति का नतीजा है कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आजमगढ़ जेल पहुंच कर पूर्व सांसद रमाकांत यादव से मिले तो आजम खां के मामले को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से मुलाकात की। इसी तरह पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संत कबीरनगर सहित अन्य जिलों में जा चुका है।

**निकाय चुनाव के प्रभारी से लेकर एमएलसी उम्मीदवार घोषित**

सपा ने निकाय चुनाव के लिए दो से तीन विधायकों को अलग-अलग क्षेत्रों का प्रभारी बनाकर भेजा है। साथ ही शिक्षक व स्नातक खंड के लिए उम्मीदवारों की भी घोषणा कर दी है। पार्टी के पैनल में युवा चेहरों के साथ अनुभवी नेताओं को तवज्जो दी है। इस सूची में भी जातीय गणित का विशेष ध्यान रखा गया है।

# शराब के नशे में लड़ाई-झगड़ा कर रहे बदमाशों को रोकने गए कांस्टेबल का पकड़ा गिरेबान

## पूर्व प्रधान का बेटा सहित 2 आरोपी गिरफ्तार




डूंगरपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के सागवाडा रोडवेज बस स्टैंड के पास बीती रात लड़ाई झगड़ा कर रहे युवाओं को रोकने गई पुलिस का ही झगड़ा कर रहे युवाओं ने गिरेबान पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में पूर्व प्रधान के बेटे समेत 2 आरोपियों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाने के थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया की बीती रात के समय सूचना मिली की कुछ युवक रोडवेज बस स्टैंड के गेट पर लड़ाई झगड़ा कर रहे है। इस पर सागवाडा थाने का कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह बाइक लेकर मौके पर पहुंच गया।

बस स्टैंड के गेट पर ही 2 युवक बाइक आड़ी लगाकर वाहनधारियों से लड़ाई झगड़ा कर रहे थे जिस पर कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह ने बदमाशो को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश कांस्टेबल से ही बदसलूकी करने लगे। इस दौरान एक बदमाश ने कांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह का ही गिरेबान पकड़ लिया उसी समय पुलिस की जीप भी वहा पहुंच गई। इस पर हंगामा कर रहे दोनो युवकों को पकड़कर सागवाड़ा थाने ले गए। सीआई शैलेंद्र सिंह ने बताया की शराब के नशे ने हंगामा करने पर सागवाड़ा पूर्व प्रधान आशा डिंडोर के बेटे पंकज (24) पुत्र नारायणलाल डिंडोर मीणा निवासी पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा ओर हरीश (21) पुत्र कांतिलाल डिंडोर मीणा निवासी पाड़वा सरोदा को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

इसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर सागवाडा अस्पताल गई जहां पर पुलिस ने दोनों आरोपियों का मेडिकल टेस्ट करवाया।

# पुल की रेलिंग तोड़कर गर्रा नदी में गिरी किसानों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

हरदोई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। हरदोई जिले में किसानों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर गर्रा नदी में जा गिरी। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार किसान मंडी से खीरा बेचकर वापस लौट रहे थे। पाली क्षेत्र के निजामपुर पुलिया के पास खीरा मंडी लगती है। नदी पार स्थित बेगराजपुर गांव के किसान सुबह मंडी में खीरा बेचने गए थे, खीरा बेचकर वापस लौटते समय गर्रा पुल के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 20 से 30 लोग सवार थे। नदी से करीब आठ लोग तैरकर बाहर निकल आए। गोताखोरों की मदद से लोगों की तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मौके पर आसपास के गांव की भीड़ जुट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली भी नहीं मिली। ट्रैक्टर-ट्रॉली व उसपर सवार लोगों की तलाश की जा रही है।

# भाकपा नेता बोले- बिहार में भाजपा नेताओं के खिलाफ हो बुलडोजर का इस्तेमाल

पटना, 27 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शुक्रवार को बिहार की 'महागठबंधन' सरकार से राज्य में भाजपा नेताओं के खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल करने को कहा। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अंजान ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किये जाने का आरोप लगाया।

अंजान ने कहा कि क्या केवल विपक्षी पार्टियां ही भ्रष्ट हैं। भाजपा का कोई आदमी बेईमान नहीं है। सभी दूध के धुले हैं। मेरी मांग है कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एसआईटी का गठन कर भाजपा नेताओं की अवैध संपत्ति के बारे में एक श्वेत पत्र जारी करें।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान

उन्होंने कहा कि प्रदेश की महागठबंधन सरकार भाजपा नेताओं के जो भी अवैध निर्माण और संपत्तियां हैं, उनपर बुलडोजर चलवाएं।

ये बुलडोजर सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही थोड़े ही चलेगा और राज्यों में भी चलना चाहिए ताकि लोगों के बीच विश्वास पैदा हो। उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार और तेजस्वी बुलडोजर नहीं चलवाते हैं तो इसका मतलब होगा कि उनके अंदर नैतिक साहस की कमी है।

जब मीडियाकर्मियों ने अंजान से महागठबंधन सरकार में शामिल होने की बात कही तो उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी ने यह फैसला किया है कि अगर कोई सम्मानजनक स्थिति होगी तो हमें सरकार में शामिल होने में कोई परहेज नहीं है।

उन्होंने कहा कि लेकिन हमें अब तक कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। और हम गठबंधन सहयोगियों के बीच एकता की कीमत पर मंत्री पद नहीं चाहते हैं। वहीं एक सवाल का जबाव देते हुए भाकपा नेता ने कहा कि पार्टी का मानना है कि कुमार देश में विपक्षी दलों के बीच एकता कायम करने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाएंगे।

अंजन ने कहा कि एक कमजोर कांग्रेस ने भाजपा को साहस दिया है और उसके अश्वमेध यज्ञ ने बिहार में एक रोडब्लॉक मारा है, वही भूमि जहां आडवाणी की रथ यात्रा रोकी गई थी।

राजद प्रमुख और बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने अक्टूबर 1990 में समस्तीपुर में आडवाणी की राम रथ यात्रा रोक दी थी। भाकपा नेता ने सांप्रदायिकता का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# गहलोत के आधा दर्जन मंत्रियों- विधायकों को एंटी इनकंबेंसी का डर

## नए चेहरों को मिल सकता है मौका

जयपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में होने है लेकिन इस बार कांग्रेस नेतृत्व सरकार रिपीट के लिए सख्त दिखाई दे रहा है। राजस्थान में हर 5 साल बाद सरकार बदलने का ट्रेंड रहा है। एंटी इंकबेंसी रोकने के लिए कुछ विधायकों और मंत्रियों को ड्रॉप किया जा सकता है। जिसके तहत एक आधा दर्जन मंत्रियों और करीब एक दर्जन कांग्रेस विधायकों के टिकट पर संकट छाया हुआ है। सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए मंत्री और विधायक सुरक्षित सीट तलाशने करने के साथ ही जीत का फार्मूला ढूंढ रहे हैं। चर्चा है कि एंटी इकमबेंसी से बचने के लिए गहलोत और पायलट समर्थक मंत्रियों का टिकट कट सकता है या फिर दूसरी सीट पर शिफ्ट किया जा सकता है। पायलट समर्थक मंत्री विश्वेंद्र सिंह,



मुरारी लाल मीना और रमेश मीना की सीट सत्ता विरोधी लहर में फंस सकती है। बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को भी इंटी इंकमबेंसी का डर सत्ता रहा है। राजेंद्र गुढ़ा ने तो यहां तक कह दिया कि हम पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है कि बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए विधायकों को कांग्रेस का टिकट मिलेगा। गुढ़ा के बयान से साफ जाहिर है कि कांग्रेस के सीटिंग विधायकों का टिकट खतरे में है।

**गहलोत समर्थक मंत्री भी तलाश रहे है सुरक्षित सीट**

पायलट समर्थक मंत्रियों के साथ-साथ गहलोत समर्थक माने जाने वाले लालचंद कटारिया, महेश जोशी और रघु शर्मा भी सीट एक्सचेंज कर सकते हैं। हालांकि गहलोत समर्थक विधायकों पर भी इंटी एंकमबेंसी का खतरा है। कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया लेकर चर्चा है कि वह झोटवाड़ा के स्थान पर अपनी पुरानी सीट आमेर का रूख कर सकते हैं। जलदाय मंत्री महेश जोशी अपनी पुरानी विधानसभा सीट किशनपोल से चुनाव लड़ने का मानस बना रहे हैं। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और गुजरात कांग्रेस प्रभारी रघु शर्मा को लेकर कहा जा रहा है कि वह केकड़ी की जगह सुरक्षित सीट तलाश रहे हैं। गहलोत समर्थक विधायक अमीन कागजी भी अपनी विधानसभा सीट किशनपोल से ही चुनाव लड़ना चाहते हैं। पायलट समर्थक विधायक हरीश मीणा देवली उनियारा की जगह सवाईमाधोपुर की बामनवास विधानसभा से चुनाव लड़ने के इच्छुक बताए जा रहे हैं।

# राजस्थान में बारिश का ओवरडोज

## 11 साल का रिकॉर्ड टूटा, 18 बांधों में सिर्फ 3 में कम पानी

जयपुर/बीकानेर, 27 अगस्त (एजेंसियां)। मानसून ने इस बार 11 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। तकरीबन एक दशक में ऐसा पहली बार है, जब प्रदेश के 18 बड़े बांध में से 15 बांध 90% से ज्यादा तक भर चुके हैं। सिर्फ तीन बांधों में फिलहाल पानी कम है। उधर, सितंबर में मानसून के एक बार फिर एक्टिव होने की संभावना है। नया वेदर सिस्टम बनते ही बारिश का अगला दौर शुरू होगा। दरअसल, राजस्थान में बीसलपुर, माही, राणा सागर और जवाई बांध समेत 18 बड़े बांध हैं, जिसमें पांच पूरी तरह लबालब हैं। ये हालात तब है, जब इन बांधों के गेट खोलकर पानी भी छोड़ा गया है। टोंक के हारो, बीसलपुर और गलवा तीनों बांध छलक रहे हैं। बूंदी का गुढा और प्रतापगढ़ में जाखम बांध भी अपनी क्षमता तक पूरे भरे हैं। चित्तौड़गढ़ का राणा प्रताप सागर बांध 94 फीसदी, कोटा बैराज 95 फीसदी, बांसवाड़ा का माही सागर 93 फीसदी भरा हुआ है। धौलपुर का पार्वती डेम, डूंगरपुर के सामनकला और राजसमंद डेम में पिछले साल की तुलना में इस बार पानी कम है।

दरअसल, इस बार मानसून किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि पूरे राजस्थान में जमकर बरसा है। कभी पूर्वी राजस्थान में तो कभी पश्चिमी राजस्थान में बारिश ने लगातार बांधों को भरने का काम किया। दक्षिणी राजस्थान भी सूखा नहीं रहा। हर तरफ बारिश होने से अधिकांश बांधों में करीब 1 साल तक पीने का पानी आ चुका है।

# चुनाव से पहले इन रूटों पर दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

## दिल्ली से जोधपुर के बीच शुरू होगी ट्रेन

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे इस दौरान बदलाव दौर से गुजर रहा है। सभी रेलवे जोन को आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में देशभर में 200 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के हिस्से में शुरुआती दौर में 5 नई ट्रेनें आई हैं। रेलवे ने इन ट्रेनों के संभावित रूट का खाका भी तैयार कर लिया गया है। फ़िलहाल रैक से लेकर ऑटोमैटिक सिग्निलिंग का काम तेजी से किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे का मानना है कि 2023 तक ये ट्रेन जयपुर-दिल्ली और जोधपुर के बीच दौड़ने लग जायेंगी। तमाम सुविधाओं के साथ इस ट्रेन में सफर करना दिलचस्प होगा। जल्द ही जयपुर से जोधपुर के



बीच इसके ट्रायल रन की तारीख भी सामने आने वाली है। सब कुछ ठीकठाक रहा तो कुछ ही महीनों में ये ट्रेन पटरियों पर होगी और हवा से बातें करती हुई नजर आएगी। दरअसल, उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में 5 नई वंदे भारत ट्रेनों का ऐलान किया गया है। इसके बाद से ही राजस्थान में कौन से रूट पर सबसे पहले वंदे भारत रेल चलेगी इसे लेकर चर्चा की जा रही है। हालाकि, उत्तर पश्चिमी रेलवे के प्रारंभिक स्तर के संभावित प्लान के अनुसार राजस्थान में जयपुर-दिल्ली, जयपुर-जोधपुर, जयपुर-उदयपुर और जयपुर से कोटा के बीच इन ट्रेनों की संचालन करने की योजना है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में जयपुर, श्रीगंगानगर, अजमेर, उदयपुर और जोधपुर में मेंटेनेंस डिपो विकसित किये जायेंगे। राजस्थान में जयपुर-रींगस रूट पर एक हजार करोड़ रुपये की लागत से मेमू मेंटेनेंस डिपो तैयार किया जा रहा है। वंदे भारत को लेकर मेंटेनेस डिपो बनाने का काम शुरू हो चुका है। वंदे भारत को सेमी बुलेट ट्रेन भी कहा जाता है।

# तीन दिन में लाखों रुपए की चोरी का खुलासा

## कॉलोनी के ही युवक ने दोस्तों के साथ मिल कर की थी साढ़े 13 लाख रुपए और गहनों की चोरी

जयपुर, 27 अगस्त (एजेंसियां)। गलतागेट थाना इलाके में रहने वाली संगीता दायमा के घर से लाखों रुपए नगदी और जेवरात चोरी हो गए। संगीता ने इस संबंध में 26 अगस्त को गलतागेट थाना पुलिस को इस की जानकारी दी। संगीता ने रिपोर्ट में बताया कि कुछ बदमाशों ने दरवाजे और खिड़की तोड़ कर घर में प्रवेश किया। मकान में रखे 13 लाख 50 हजार रुपए नगद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

जानकारी मिलने पर पुलिस ने एक्शन लेते हुए शहर में संदिग्धों की तलाश करना शुरू किया। पुलिस जब कॉलोनी में सर्च किया तो पुलिस को कॉलोनी के कुछ युवकों पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने एक-एक कर कॉलोनी के युवकों से पूछताछ करना शुरू



किया। जिसके बाद कॉलोनी में रहने वाले अंकित मल्होत्रा ने सब कुछ बता दिया। आरोपी अंकित मल्होत्रा ने बताया कि वह जानता था की संगीता सुबह घर से नौकरी के लिए निकलती है और शाम को घर आती हैं। इस बीच आरोपी ने चोरी करना प्लान बनाया। क्यों की वह चोरी अकेला नहीं कर सकता था उसने अपने दो दोस्त महेश कुमार और विकास बंसीवाल को लेकर प्लान बनाया। जिसके बाद तीनों ने मिल कर घर में प्रवेश किया और आलमारी से 13लाख रुपए और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद जब पुलिस ने कॉलोनी में पूछताछ शुरू की तो अंकित मल्होत्रा घबरा गया।

# नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग खिताब जीता

## 89 .08 मीटर दूर भाला फेंका, यह लीग जीतने वाले पहले भारतीय बने

लुसाने, 27 अगस्त (एजेंसियां)। ओलिंपिक चैंपियन जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में इतिहास रच दिया है। चोपड़ा ने अपने पहले ही थ्रो में 89.08 मीटर दूर जैवलिन फेंककर जीत दर्ज की। इसके साथ ही वे डायमंड लीग मीटिंग खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने डायमंड लीग फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। यह 7 और 8 सितंबर को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होगा। वे अगले साल होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर गए हैं।







**वर्ल्ड एथलेटिक्स में जेवलिन फाइनल के दौरान लगी थी चोट**

नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान चोट लगी थी। वे अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे। तब भी उन्होंने 88.13 मीटर दूर जेवलिन फेंककर सिल्वर मेडल जीता था।

वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट के बाद नीरज चोपड़ा का MRI स्कैन हुआ था, जिसमें ग्रोइन एंजरी की बात पता लगी। ऐसे में नीरज चोपड़ा को एक महीने के आराम की सलाह दी गई। इसके चलते वे कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाए थे। तब उन्होंने एक पोस्ट लिखकर कहा था कि वे निराश हैं कि कॉमनवेल्थ की ओपनिंग सेरेमनी में तिरंगा नहीं थाम पाएंगे।

**स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया था नया रिकॉर्ड**

नीरज चोपड़ा ने स्टॉकहोम में हुई डायमंड लीग में 89.94 मीटर के थ्रो के साथ नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। यह उनका पर्सनल बेस्ट रिकॉर्ड भी था।

**नीरज के पास सभी मेजर मेडल**

वैसे तो नीरज चोपड़ा ने देश को कई मेडल दिलाए हैं। उनके पास सभी बड़े टूर्नामेंट के मेडल हैं। चाहे वह बात ओलिंपिक की हो, या फिर वर्ल्ड चैंपियनशिप की, या फिर डायमंड लीग की। हरियाणा के इस खिलाड़ी ने सभी प्रतियोगिताओं में मेडल जीते हैं।

# पंजाब में कॉमनवेल्थ मेडलिस्ट का सम्मान

## महिला क्रिकेट टीम कैप्टन समेत 19 खिलाड़ियों को 9 .30 करोड़ का कैश प्राइज मिला




चंडीगढ़, 27 अगस्त (एजेंसियां)। बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीते वाले खिलाड़ियों को आज पंजाब सरकार ने सम्मानित किया। चंडीगढ़ में हुए कार्यक्रम सीएम भगवंत मान और खेल मंत्री गुरमीत मीत हेयर ने 23 खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिया। इसमें सिल्वर मेडलिस्ट को 50 लाख और ब्रांज मेडलिस्ट को 40 लाख रुपए दिए गए। इनके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने वाले बाकी खिलाड़ियों को भी 5-5 लाख रुपए दिए गए।

**इन खिलाड़ियों ने जीते मेडल**

कॉमनवेल्थ गेम्स में वेटलिफ्टर विकास ठाकुर, पुरुष हॉकी टीम कप्तान मनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, गुरजंट सिंह, हार्दिक सिंह, वरूण कुमार, कृष्ण पाठक, शमशेर सिंह, जरमनजीत सिंह, जुगराज सिंह, वुमन क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हरलीन देओल और तान्या भाटिया ने सिल्वर मेडल जीता। वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर, लवप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह और महिला हॉकी टीम खिलाड़ी गुरजीत कौर ने ब्रांज मेडल जीता।

**प्रोफेशनल तौर पर डेवलप करेंगे खेल : मान**

सीएम भगवंत मान ने कहा कि हॉकी खेलकर हम चूल्हा नहीं जला सकते। आजकल प्रोफेशनल गेम्स ज्यादा चल रही हैं। मैं किसी खेल के खिलाफ नहीं लेकिन सबको मौका मिलना चाहिए। खोखो, कबड्डी, जिमनास्टिक, एथलेटिक्स आदि को प्रोफेशनल तौर पर डेवलप करेंगे। इसके लिए खेल मेला करवा रहे हैं। हम ऐसा माहौल बनाकर देंगे कि प्लेयर को परिवार की चिंता न करनी पड़े। पंजाब के कई प्लेयर हरियाणा से खेलते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

# 15 साल की लिंथोई ने रचा इतिहास

## वर्ल्ड कैडेट जूडो चैंपियनशिप का पहला गोल्ड जीता, ब्राजीली खिलाड़ी को हराया




साराजेवो, 27 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर की जूडो खिलाड़ी लिंथोई चिकमाबेम ने इतिहास रच दिया है। उसने वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप में देश को पहला गोल्ड दिलाया है। यह मेडल अंडर-18 एज ग्रुप के विमेंस 57 किग्रा वेट कैटेगरी में आया है। 15 साल की लिंथोई ने फाइनल मुकाबले में ब्राजील की बियांका रीस को हराया है।

वे किसी भी एज ग्रुप की वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय जूडोका बनी हैं। लिंथोई ने आखिरी सेकंड में 1-0 से फाइनल मुकाबला जीता है। उन्होंने वाजारी से मुकाबले की शुरुआत की और बढ़त बनाई।

बता दें कि इसी महीने बर्मिंघम में आयोजित किए गए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी भारतीय जूडोकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया था।

वहां जूडो में भारत को 3 मेडल जीते थे। इनमें 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

**लगातार चार जीत से फाइनल में जगह बनाई**

लिंथोई ने लगातार चार जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई है। तब वे वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी थीं।

**2017 में जीता था नेशनल गोल्ड**

लिंथोई टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम का हिस्सा हैं। वे बेरूत (लेबनान) में एशिया-ओशियाना कैडेट जूडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर चुकी हैं।

उन्होंने एशियाई कैडेट और जूनियर जूडो चैंपियनशिप 2022 में गोल्ड भी हासिल किया। लिंथोई ने 2017 में सब-जूनियर नेशनल और 2021 में नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप में एक-एक गोल्ड जीते हैं।

# एशिया कप में आज भारत बनाम पाकिस्तान महामुकाबला

## दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11, खिलाड़ियों के टी-20 रिकॉर्ड

दुबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप का आगाज शनिवार को श्रीलंका Vs अफगानिस्तान मुकाबले के साथ हो जाएगा, लेकिन ज्यादातर क्रिकेट फैंस के लिए टूर्नामेंट की असली शुरुआत रविवार को शाम 7:30 बजे होगी। उस दिन फाइनल से पहले फाइनल जैसा मैच होगा। यानी भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला।

टूर्नामेंट में इसके बाद भी दोनों टीमों की भिड़ंत होगी, लेकिन पहले मैच में रोमांच चरम पर होगा। करीब 10 महीने बाद दोनों टीमें इंटरनेशनल क्रिकेट में आमने-सामने हो रही हैं। इससे पहले इनके बीच आखिरी मुकाबला 24 अक्टूबर 2021 को टी-20 वर्ल्ड कप में हुआ था।

चलिए जान लेते हैं कि एशिया कप की इस भिड़ंत में दोनों टीमों की ओर से किन 11-11 खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इन खिलाड़ियों का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है।

हमने बैटिंग ऑर्डर के लिहाज से दोनों टीमों की प्लेइंग-11 को आमने-सामने रखा है।










# कोहली ने बताया सक्सेस फंडा

## बोले- जो भी करता हूं पूरे प्रिजेंस, इन्वॉल्वमेंट और हैप्पीनेस के साथ... इसीलिए जीतता हूं

दुबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में रविवार को भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अपनी जीत का फंडा बताया है। इस महामुकाबले से पहले कोहली ने BCCI TV से बात की। कल विराट अपने करियर का 100वां टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। वे टेस्ट, वनडे और टी-20 में 100-100 मैच खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे।



33 साल के विराट ने कहा- 'जब भी मैं सुबह उठता हूं तो मैं देखता हूं कि मेरे लिए आज नया क्या है। मैं दिनभर जो भी करता हूं पूरे प्रिजेंस, इन्वॉल्वमेंट और हैप्पीनेस के साथ करता हूं। यही कारण है कि मैं हमेशा जीतता हूं। लोग मुझसे पूछते हैं कि आप यह फील्ड में कैसे करते हो और इसे पूरी इंटेंसिटी के साथ कैसे जारी रखते हो। तो मैं उनसे हमेशा कहता हूं- 'आई लव प्लेइंग द गेम...मैं हर बॉल में कॉन्ट्रीब्यूट करता हूं और फील्ड में अपनी सारी एनर्जी झोंक देता हूं। सीधे शब्दो में कहूं तो मैं यही सोचता हूं कि मैं अपनी टीम को कैसे जिता सकता हूं। मुझे यह करने में मजा आता है।'

एक दिन पहले BCCI प्रेसिडेंट सौरव गांगुली ने कहा था कि कोहली को सिर्फ भारतीय टीम के लिए रन बनाने की जरूरत नहीं है। उन्हें अपने लिए भी रन बनाने होंगे।

**3 साल से आउट ऑफ फार्म हैं कोहली, लेकिन पाक के खिलाफ फिफ्टी जमाई**

विराट करीब तीन साल से आउट ऑफ फॉर्म हैं। नवंबर 2019 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट में वे एक भी शतक नहीं जमा पाए हैं। लेकिन, पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 57 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी।

**प्रैक्टिस में बड़े-बड़े शॉट खेलते नजर आए**

एक दिन पहले विराट कोहली नेट्स करते दिखे थे। वहां कोहली ने बड़े-बड़े शॉट खेलते दिखे थे। उन्होंने सभी बॉलर्स पर शॉट मारे।

शाहीन से जाना था हाल

विराट ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का हालचाल जाना था। उन्होंने अफरीदी से उनकी चोट के बारे में पूछा और उन्हें जल्दी ठीक होने की शुभकामनाएं दी।

**ब्रेक से लौटे हैं विराट**

विराट कोहली ब्रेक के बाद लौटे हैं। इंग्लैंड दौरे के बाद विराट को वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया था।

# फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ से बैन हटाया

## विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी का रास्ता साफ, 11 अक्टूबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पूरी दुनिया में फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा ने भारतीय फुटबॉल संघ पर लगाए गए बैन को हटा लिया है। साथ ही फीफा ने कहा है कि अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप 2022 अब भारत में पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जा सकता है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 30 अक्टूबर तक भुवनेश्वर, गोवा और मुंबई में होना है।

इससे पहले 15 अगस्त को फे एआईएफएफ को बैन कर दिया था। फीफाके नियमों और संविधान के गंभीर उल्लंघन की वजह से यह कार्रवाई की गई थी। इस फैसले की वजह से अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 विमेंस




वर्ल्ड कप की मेजबानी के अधिकार भी भारत से छीन लिए गए थे।

**एआईएफएफ में तीसरे पक्ष के दखल से नाराज था फीफा**

फीफा ने एआईएफएफ को थर्ड पार्टी इन्फ्लुएंस की वजह से सस्पेंड कर दिया था। एआईएफएफ के 85 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था। यह सस्पेंशन कुल 11 दिन तक चला। फीफा एआईएफएफ में बाहरी संस्था के हस्तक्षेप से नाराज था। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर खेल मंत्रालय ने एआईएफएफ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को हटाकर कमेटी ऑफ एडमिनिस्ट्रेटर्स का गठन किया था। फीफाने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा- 'वह थर्ड पार्टी के हस्तक्षेप को नहीं मानता। फीफाने चेतावनी दी थी- 'जल्द ही हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ तो भारत से फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप भी छीना जा सकता है।' सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को फ्रफुल्ल पटेल को हटाकर एआईएफएफका प्रशासन संभालने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का आदेश दिया था।

# महामुकाबले से पहले पाक का एक और तेज गेंदबाज चोटिल

## शाहीन अफरीदी के बाद मोहम्मद वसीम जूनियर चोट के चलते एशिया कप से बाहर

दुबई, 27 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान महामुकाबले से ठीक पहले पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उसका एक और तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम जूनियर चोटिल हो गए है। वे पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गया हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज हसन अली को टीम में चुना गया है। हालांकि, अभी तक उन्हें टेक्निकल कमेटी से अप्रूवल नहीं मिला है।



टीम को 28 अगस्त को भारत के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलना है। ऐसे में युवा पेसर के चोटिल होने की खबर पाकिस्तान के लिए चिंताजनक है। पीसीबी ने बयान जारी कर कहा कि बोर्ड की वसीम की फिटनेस और रिहैबिटेशन पर लगातार नजरें रखी जाएंगी और उनकी वापसी पर कोई भी फैसला इंग्लैंड टीम के भारत दौरे से पहले ही लिया जाएगा।

ऑलराउंडर मोहम्मद वसीम जूनियर ने अपने टी-20 करियर में 11 मुकाबले खेले हैं। इनमें वे कुल 8 रन ही बना सके हैं। वसीम भले की बैट से खास नहीं कर सके, लेकिन गेंद से प्रदर्शन किया है। उन्होंने 17 विकेट चटकाए हैं। वसीम से पहले स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी चोट के चलते टीम से बाहर हैं और एशिया कप का हिस्सा नहीं हैं। अफरीदी को पिछले महीने गाले में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। उनकी जगह उभरते तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन ने ली थी।

# **35 साल का हूं 75 का नहीं:** इंडिया-ए में नहीं चुने जाने के बाद सोशल मीडिया पर छलका वेटरन क्रिकेटर शेल्डन जैक्सन का दर्द

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। क्या एज सिलेक्शन का पैमाना हो सकता है...? यह चर्चा का विषय है, लेकिन इस विषय को फिर चर्चा में ला दिया है सौराष्ट्र के विकेटकीपर बल्लेबाज शेल्डन जैक्सन ने। 35 साल के इस वेटरन क्रिकेटर को एज के कारण हाल ही में घोषित इंडिया ए में नहीं चुना गया है। वे दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट जोन टीम में भी नहीं थे। जबकि इस विकेटकीपर बल्लेबाज जैक्सन ने पिछले 3 रणजी सीजन में करीब 2 हजार रन बनाए हैं। निराश जैक्सन ने एक सोशल पोस्ट में अपनी पीड़ा जाहिर की है। उन्होंने लिखा- 'मुझे भी यह सपना देखने और भरोसा करने का अधिकार है कि यदि मैंने लगातार तीन सीजन अच्छा प्रदर्शन किया है, तो शायद मुझे मेरे प्रदर्शन के आधार पर चुना जाएगा, मेरी उम्र नहीं देखी जाएगी. मैं यह सुनकर थक चुका हूं कि मैं अच्छा खिलाड़ी



हूं और परफॉर्म भी करता हूं, लेकिन मेरी उम्र अधिक हो गई है. भाई मैं 35 का हूं, 75 का नहीं।' इस पोस्ट के बाद जैक्सन ने एक इंटरव्यू में कहा- 'मैं इंडिया ए में चुने जाने की उम्मीद कर रहा था और ये उम्मीद करने में कुछ भी गलत नहीं है। आप मुझे दलीप ट्रॉफी के लिए नहीं चुनते हैं, यह मेरी समझ से बाहर है। एक प्रोफेशनल क्रिकेटर के रूप में आप हमेशा अपने आप को अपग्रेड करने का प्रयास करते हैं। लेकिन यह मेरे कंट्रोल से बाहर है, कुछ लोगों को लगता है कि मैं बहुत बूढ़ा हो गया है और इससे मुझे काफी निराशा हुई है।'

